तापमान

अधिकतम 25.4 डिग्री

न्यूनतम 11.2 डिग्री


# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया




गुरुवार को यातायात पुलिस द्वारा सड़क पर यलो मार्किंग के बाद पार्क होने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई।






## ओपीडी पर्ची पर घसीटा राइटिंग, इसलिए फार्मासिस्ट से होती है गलती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मरीजों को लिखी जाने वाली पर्चियों में कैपिटल लेटर से ही दवा के नाम लिखने के आदेश हैं, मेडिकल काउंसिल और कोर्ट ने डाक्टरों द्वारा लिखी जाने वाली पर्ची को लेकर कई बार आदेश जारी किया है, लेकिन यह आदेश महज कागजों तक ही सिमटी हुई है। सिम्स के डाक्टर अबतक घसीटा राइटिंग में ही दवा के नाम लिख रहे हैं, जिससे कई बार फार्मासिस्ट समझ नहीं पाते और मरीजों को गलत दवाई मिल जाती है। कई बार इसके चलते बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है।

सिम्स में कमोबेश सभी डाक्टरों द्वारा लिखी पर्ची घसीटा राईटिंग में ही होती है, जबकि नियमों के अनुसार डाक्टरों को मरीज के समझने योग्य पर्ची लिखी जानी है। साल 2015 में मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने इस बारे में देश भर के डाक्टरों के लिए आदेश जारी कर चुका है। इसके साथ ही कोर्ट ने जेनेरिक दवा और कैपिटल लेटर में ही पर्ची लिखने का आदेश दिया है, लेकिन इस आदेश को दरकिनार कर दिया गया है। सिम्स इलाज कराने वाले मरीजों को जो पर्ची दी जा रही है, उसमें जेनेरिक दवा का नाम उल्लेखित होता है लेकिन इसके समझने के लिए फार्मासिस्ट के पास ही जाना पड़ता है। वहीं कुछ डाक्टर ऐसे हैं, जिनके द्वारा लिखी गई पर्ची को पढ़ पाना फार्मासिस्ट के बस की बात भी नहीं होती है। ऐसे में मरीजों को दोबारा डाक्टर के पास जाकर दवा का नाम पूछना पड़ जाता है। कई मामलों में यह मरीज के लिए भारी नुकसान की वजह भी बन जाती है। यहां तक कि कई बार यह मरीज की मौत का कारण भी बन जाती है। फार्मासिस्ट के द्वारा दवाओं के नाम सही से न समझ पाने की स्थिति में मरीज को गलत दवा मिलने की आशंका बन जाती है, जो उसके लिए मुसीबत का कारण बन सकती है।

■ सिम्स के डाक्टर की लापरवाही मरीजों पर पड़ती है भारी

### टाइप करने का सुझाव

मरीजों और दवा विक्रेताओं की परेशानी को देखते हुए दवाओं के नाम टाइप करके देने के सुझाव भी दिए गए थे, लेकिन यह तरीका अभी भी नहीं अपनाया जा रहा है। बाकी प्रदेशों के बड़े अस्पतालों में मरीज की रिपोर्ट बनाते समय टाइप पर्ची ही मिलती है, लेकिन सिम्स व सरकारी अस्पतालों में हाथ से लिखने का ही सिस्टम प्रचलित है। ऐसे में एक ही नाम के कई ब्रांड की दवा मिलती है, जिसमें फार्मूला में हेरफेर कर दवा बेची जाती है, कई बार मरीजों को नुकसान उठाना पड़ता है।

### मेडिकल काउंसिल ने 2015 में दिया था निर्देश




### रेडक्रास को डीन ने भेजा नोटिस

बुधवार को सिम्स के रेडक्रास द्वारा दिए गए गलत दवाई की वजह से एक गर्भवती महिला के तीन माह के भ्रूण मिसकेरेज हो चुका है, इस मामले के तुल पकड़ते ही सिम्स प्रबंधन ने अपने स्तर की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आ चुका है कि डाक्टर द्वारा लिखी पर्ची पूरी तरह से शुद्ध है, जिसमें आसानी से दवा का नाम पहचाना जा रहा है, रेडक्रास के फार्मासिस्ट के द्वारा ही गलत दवा दी गई है। ऐसे में सिम्स के डीन केके सहारे ने रेडक्रास को नोटिस जारी कर इस मामले में जवाब देने कहा है।

### अनुभवहीन लोगों को काम पर रखा गया

दवा की दुकानों पर फार्मासिस्ट की मान्यता प्राप्त डिग्री वाले कर्मी काफी कम संख्या में होते हैं। रेडक्रास सहित ज्यादातर दवा दुकानों में एक ही डिग्री पर कई-कई दुकानों पर दवाओं की बिक्री होती है। अनट्रेंड लोगों द्वारा गलत दवा दिए जाने की आशंका बहुत ज्यादा होती है। इससे भी मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### बरतनी चाहिए सावधानी

दवा लिखने के लिए डाक्टरों को थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए, ऐसी राइटिंग में दवा लिखा जाना चाहिए जिससे मरीज समझ सके। इस बारे में डाक्टरों को निर्देशित किया जाएगा।

-डॉ सुजीत नायक
अधीक्षक, सिम्स

## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट ने टीआई को किया तलब

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस गौतम भादुड़ी ने जब्त एम्बुलेंस को कोर्ट के आदेश के बाद भी सुपुर्द नहीं करने के खिलाफ पेश अवमानना याचिका में सराईपाली टीआई को तलब किया है।
इस मामले में याचिकाकर्ता किशोर दास की निजी एम्बुलेंस को एसडीएम सराईपाली ने सरकारी अस्पताल परिसर से जब्त किया किया था। वाहन मालिक ने वाहन वापस पाने हाईकोर्ट में याचिका पेश की थी। हाईकोर्ट ने मई 2023 को वाहन सुपुर्द में देने का आदेश दिया था। लेकिन कोर्ट के इस आदेश का पालन नहीं हुआ और आदेश का पालन नहीं होने पर याचिकाकर्ता ने अवमानना का याचिका पेश की। इस मामले में शासन के जवाब से असंतुष्ट होते हुए कोर्ट ने सराईपाली टीआई को तलब किया है।

### मैराथन व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 25 को

**बिलासपुर।** बिलासा सेवा समिति केंवट समाज द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ मछुआ समाज के सभी विद्यार्थियों के लिए केवट, निषाद, धीवर व कहार समाज का संयुक्त रूप से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं मैराथन दौड़ 25 दिसंबर सोमवार को तोरवा थाना के सामने बंगाली स्कूल रेलवे परिक्षेत्र में होगा। इसका आयोजन समाज के विद्यार्थियों को शिक्षा व खेल के प्रति प्रोत्साहित व जागरूकता करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष दीप कैवर्त ने बताया कि 25 दिसंबर को सुबह 6 बजे से मैराथन दौड़ 5 किमी बंगाली स्कूल तोरवा थाना के सामने से प्रारंभ होगी। वहीं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता बंगाली स्कूल में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी।

### राज्य शौर्य पुरस्कार के लिए आवेदन 2 तक

**बिलासपुर।** राज्य शौर्य पुरस्कार वर्ष 2023 के लिए 18 वर्ष आयु वर्ग के बालकों एवं बालिकाओं जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरे की जान बचाकर वीरता का कार्य 1 जनवरी 2023 से 2 जनवरी 2024 के मध्य किया हो। ऐसे बालक एवं बालिका शौर्य पुरस्कार के लिए 2 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग के पीछे बिलासपुर से संपर्क कर सकते हैं।

### जिनोम सिक्वेंसिंग टेस्ट से पता चलेगा वैरिएंट

## प्रदेश में कोरोना की दस्तक पहला मरीज शहर में मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देश के दूसरे प्रदेशों के साथ छत्तीसगढ़ में भी कोरोना ने फिर दस्तक दे दी है, आरटीपीसीआर टेस्टिंग के दौरान तालापारा निवासी एक मरीज की रिपोर्ट पाजिटिव आई है, उसे सर्दी और खांसी की शिकायत थी, जिस पर डाक्टरों ने उसे टेस्ट कराने की नसीहत दी थी। इस मरीज की रिपोर्ट जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजी जाएगी।



नए वैरिएंट के खतरे के बीच कोरोना एकबार फिर डराने लगा है, प्रदेश में इसकी शुरूआत बिलासपुर हुई है, कोरोना का नया मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। इस शीतकालीन सीजन में कोरोना का यह पहला मरीज है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार कोरोना के अलर्ट के बाद गुरूवार को 136 लोगों के कोरोना टेस्ट किए गए थे, जिसमें 123 रेपिड एटीजन, 6 आरटीपीसीआर टेस्ट शामिल हैं। इसमें 1 आरटीपीसीआर टेस्ट में कोरोना के वायरस की पुष्टि हो चुकी है। बताया जा रहा है कि जिस मरीज का आरटीपीसीआर टेस्ट कराया गया है, वह तालापारा क्षेत्र का रहने वाला है। मरीज की टूर हिस्ट्री मुंबई की बताई जा रही है, मरीज युवा है और कई दिनों से बीमार था, जिसका इलाज सिम्स में चल रहा था, लेकिन बुधवार को डाक्टरों ने उसे कोरोना का टेस्ट करने की हिदायत दी थी, युवक की एंटीजन और आरटीपीसीआर दोनों की टेस्ट पाजिटिव पाई गई है। युवक में मिले कोरोना के वायरस की जांच करने सैंपल रायपुर भेजा जाएगा, जिसके बाद ही वैरिएंट पता चल सकेगा।

■ 136 सैंपल के बाद आरटीपीसीआर टेस्ट में मिला पाजिटिव

### 7 जून को मिले थे दो पाजिटिव

इस साल जून में भी कोरोना के पाजिटिव पाए गए थे, इस दौरान कोरोना के लगातार मरीज मिल रहे थे, लेकिन कोरोना संक्रमित नहीं था आखरी बार 7 जून को दो मरीज बिलासपुर में पाए गए थे, लेकिन देश के बाद जहां कोरोना के नए वेरियंट जेएन 1 के दस्तक के बाद सभी राज्यों को अलर्ट किया गया है, ऐसे में यह कहा जा रहा है कि जेएन1 से संक्रमित हो सकता है, लेकिन डाक्टर और स्वास्थ्य अधिकारी अभी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

### आइसोलेट किया गया है मरीज

स्वास्थ्य विभाग ने सभी स्वास्थ्य केन्द्रों और अस्पतालों को कोरोना का टेस्ट करने का आदेश दिया है, गुरूवार को एक व्यक्ति की रिपोर्ट पाजिटिव पाई गई है। उसे आइसोलेट कर दिया गया है। लोगों को ज्यादा भीड़भाड़ वाले इलाके में जाने से बचना चाहिए, वहीं मास्क का उपयोग करने से जल्द ही संक्रमण को रोका जा सकता है।

डॉ राजेश शुक्ला, सीएमएचओ
स्वास्थ्य विभाग

## एसबीआर कालेज जमीन मामले में हुई सुनवाई

### खरीददार के अधिवक्ता हुए कोर्ट में पेश, 6 सप्ताह बाद मामले की होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट की डिवीजन बैंच में गुरुवार को एसबीआर कालेज मैदान जमीन की बिक्री मामले में सुनवाई हुई। नोटिस जारी होने के बाद पहली बार जमीन खरीददार की तरफ से अधिवक्ता पेश हुए। इस दौरान हाईकोर्ट ने सरकार की अपील को स्वीकार करते हुए याचिकाकर्ता अतुल, अमित सुमित व संतोष बजाज की याचिका में शामिल किया है। इस मामले की सुनवाई अब 6 सप्ताह बाद होगी।



एसबीआर कालेज खेल मैदान वाली जमीन बिक्री के मामले में आज हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बैंच में अतुल बजाज, सुमित बजाज, अमित बजाज और संतोष बजाज की याचिका पर सुनवाई हुई।

चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बैंच में पहली बार मैदान खरीदने वाले 11 लोगों की तरफ से अधिवक्ता भी पेश हुए। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने जमीन बिक्री के खिलाफ सरकार की तरफ से पेश की गई अपील को याचिकाकर्ताओं की याचिका से जोड़ दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि मैदान बिक्री प्रकरण में दायर याचिका को लेकर दिए गए पूर्व निर्णय के अनुसार यथास्थिति बनाकर रखा जाए। मामले की सुनवाई अब 6 सप्ताह बाद होगी।

### 11 लोगों ने खरीदी जमीन

उल्लेखनीय है कि चारों याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट को याचिका दायर कर बताया कि जमीन ट्रस्ट की है। बाद में ट्रस्ट ने सर्वसम्मति से लिखित में कालेज और छात्रहित में जिला प्रशासन को दिया है। जमीन पर अब ट्रस्ट का कोई अधिकार नहीं है। बावजूद इसके बिक्री किया जाना नियम विरूद्ध है। याचिका को गंभीरता से लेते हुए सरकार की तरफ से जमीन बिक्री के खिलाफ अपील का फैसला किया गया। इस मामले में कोर्ट ने जमीन खरीदने वाले 11 लोगों के अलावा पंजीयक को नोटिस जारी कर कोर्ट में पेश होने का फरमान सुनाया। पहली बार जमीन खरीदने वाले 11 लोगों की तरफ से अधिक्ता पेश भी हुए।

## सर्द हवाओं के साथ ठिठुरन, जल्द गिरेगा पारा

**बिलासपुर।** जिले में अब ठिठुरने वाली ठंड शुरू हो गई है। उत्तर से आने वाली ठंडी व शुष्क हवाओं के प्रभाव से सुबह व रात के साथ ही अब शाम व दोपहर के वक्त भी ठंड शुरू हो गई है। गुरूवार को बिलासपुर सहित प्रदेश के सभी क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिली। बिलासपुर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2-2 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया। जिले का अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री दर्ज किया गया। पड़ोसी जिला पेंड्रा-गौरेला-मरवाही में भी न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। ऐसे में शहर के साथ ही आउटर क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई है।

### 5 दिन तक शुष्क रहेगा मौसम

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि आने वाले 5 दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शुक्रवार को नमी की मात्रा में वृद्धि होगी। हवा की दिशा में भी धीरे-धीरे परिवर्तन संभावित है। अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री तक की वृद्धि संभावित है। 23 दिसंबर को प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में हल्के बादल छाए रहेंगे।

हरकत में आया प्रशासन व सीएसआईडीसी, इण्डस्ट्री का कचरा फेंकते पकड़ा गया एक वाहन

## कचरे के निपटारे के लिए पहुंची प्रशासन की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इण्डस्ट्रियल एरिया सिरगिट्टी के सघन इलाकों में खाली जमीन पर कारखानों के अवशेष जलाने से प्रदूषण के मामले में हाईकोर्ट द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। प्रभारी कलेक्टर कुणाल दुदावत ने इस मामले में जांच के निर्देश दिए हैं, जिस पर बिलासपुर एसडीएम सूरज साहू समेत जांच टीम गुरुवार को इण्डस्ट्रीयल एरिया जांच करने पहुंची थी। वहीं इस एरिया में खाली जमीन पर इण्डस्ट्री का कचरा फेंकते एक वाहन भी पकड़ा गया है, जिसे पर्यावरण विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया है।

हाईकोर्ट के संज्ञान के बाद प्रशासन की ओर से इण्डस्ट्रियल एरिया में खाली जमीन पर कचरा डंप करने, जलाने मामले के जांच के निर्देश दिए गए हैं। बिलासपुर एसडीएम सूरज साहू सहित सीएसआईडीसी के अधिकारी आज सिरगिट्टी इण्डस्ट्रियल एरिया जांच करने पहुंचे थे। जांच टीम ने कारखानों के अवशेष



जलाने वाली जमीन को देखा और वहां खाली पड़े जमीन का भी निरीक्षण किया। सिरगिट्टी स्थित इण्डस्ट्रियल एरिया से लगे करीब सात एकड़ जमीन है। उस जमीन से लगे ही आवासीय परिसर सहित थाना एवं विद्युत सब स्टेशन है, उसी में से आधे जमीन पर कारखानों के अवशेष फेंके और जलाए जाते हैं। एसडीएम समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों ने सभी पहलुओं पर आज निरीक्षण कर जांच की गई। आज वहां खाली जमीन पर इण्डस्ट्री का कचरा फेंकते एक गाड़ी भी सपड़ में आया है, जिसे पर्यावरण विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया है।

### सीएसआईडीसी को करनी होगी सफाई

सिरगिट्टी इण्डस्ट्रियल एरिया में प्रबंधन का सारा काम सीएसआईडीसी का है और सीएसआईडीसी ही प्रबंधन करता है। नगर निगम वहां पर कुछ नहीं करती है और अब उस एरिया का टैक्स भी निगम को नहीं मिलता है। कुछ इण्डस्ट्री का कचरा वहां खाली पड़ी जमीन फेंका जाता है। आज एक गाड़ी भी कचरा फेंकते पकड़ी गई है, जिसे पर्यावरण मंडल की ओर से नोटिस जारी हुआ है। आज वहां एसडीएम को निरीक्षण करने भेजा गया था और सीएसआईडीसी को खाली भू-खण्डों को साफ कराने कहा गया है।

-कुणाल दुदावत
प्रभारी कलेक्टर

### जांच के बाद देंगे रिपोर्ट

इण्डस्ट्रियल एरिया सिरगिट्टी जांच करने आज जांच दल के साथ गए थे। मौके पर कचरा फेंकने एवं जलाने संबंधी जांच की गई है और वहां की खाली जमीन का भी निरीक्षण किया गया है। अभी जांच रिपोर्ट नहीं बनी है, सीएसआईडीसी अपनी कार्रवाई व प्रबंधन कैसे करता है, उसके बाद जांच रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

-सूरज साहू
एसडीएम, बिलासपुर




## खबर संक्षेप



### विस अध्यक्ष से भाजपा नेता मुकेश ने की भेंट

**तखतपुर।** विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से भाजपा नेता मुकेश ताम्रकार ने मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान रमन सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश के मतदाताओं ने एक नई सरकार चुनने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, अब सरकार को उनके उम्मीदों पर खरा उतरना है और सबके सहयोग से प्रदेश को विकास की ओर अग्रसर करना है और हम सब इस विकास में भागीदार बनेंगे। इस दौरान मुकेश ताम्रकार, नेता प्रतिपक्ष ईश्वर देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि काशी देवांगन, गुलजीत खुराना, शिवरटे शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### अनुविभागीय अधिकारी महेश ने किया पदभार ग्रहण



**तखतपुर।** तखतपुर अनुविभाग में नए अनुविभागीय अधिकारी के रूप में महेश शर्मा ने पदभार ग्रहण किया। बीते दिवस कलेक्टर बिलासपुर ने एसडीएम के प्रहार में फेरबदल किया है, जिसके तहत तखतपुर के एसडीएम सूरज कुमार साहू को बिलासपुर और महेश शर्मा को तखतपुर एसडीएम का दायित्व सौपा है। आदर्श मंडे पर एसडीएम महेश शर्मा ने किया और कहा कि यह उनका पूर्व कार्य क्षेत्र रहा है और क्षेत्र में आमजनों की समस्याओं का निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

### पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आज

**सेमरताल।** पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सेमरताल में शुक्रवार को किया जाएगा। उद्घाटन मैंच ग्राम सेलर और गोदइंया के बीच होगा। प्रतियोगिता में कुल बत्तीस टीमों ने भाग लिया है। इसके आयोजक ब्राईट स्टार सेमरताल हैं। विजेता टीम को विधायक बेलतरा द्वारा पच्चीस हजार रूपए पुरस्कार व उपविजेता को मनीष सिंह की ओर से पंद्रह हजार रूपए दिए जाएंगे। आयोजन के लिए स्थानीय खिलाड़ियों ने शानदार तैयारी कर ली है।

## निधन

### शशिकांत शुक्ला



**बिलासपुर।** तोरवा पावर हाउस चौक निवासी शशिकांत शुक्ला का 21 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 दिसंबर को दोपहर 2 बजे उनके निवास से तोरवा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे गणेश शुक्ला के पिता थे।

### ममता वर्मा



**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर निवासी भारत माता इंग्लिश मीडियम स्कूल की शिक्षिका ममता वर्मा का 21 दिसंबर को निधन हो गया। वे 58 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में 22 दिसंबर को किया जाएगा। वे प्रमोद कुमार वर्मा की पत्नी एवं हिमांशु वर्मा, आकांक्षा श्रीवास्तव की माता थीं।

### जागेश्वर यादव



**बिलासपुर।** बंगालीपारा सरकंडा निवासी जागेश्वर यादव का 21 दिसंबर को निधन हो गया। वे 87 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार की सुबह सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सरस्वती और रेखा यादव के पिता व सुमंत यादव के ससुर थे।

### रूखमणि देवी त्रिवेदी



**मुंगेली।** सरदार पटेल वार्ड निवासी स्व. कृष्णाचरण त्रिवेदी की धर्मपत्नी रूखमणि देवी त्रिवेदी का 85 वर्ष की उम्र में गुरूवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 दिसम्बर शुक्रवार की सुबह 10 बजे खरंघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे चार पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

### साल पुरासपुर-उसलापुर 10 किमी फ्लाई ओवर योजना अंतिम चरण में

# 400 करोड़ की लागत से निर्माण ट्रेनों का आवागमन होगा सुगम

*बिलासपुर सभी जोन से अधिक राजस्व रेलवे बोर्ड को देता है*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



10 साल पुरानी बिलासपुर से उसलापुर तक 10 किलोमीटर के फ्लाई ओवर ब्रिज की योजना का कार्य अब अंतिम चरण पर पहुंच गया है, जिसे रेलवे 400 करोड़ की लागत से निर्माण कर रही है। रेल के ऊपर रेल का निर्माण होने के बाद जोन स्टेशन में मालगाड़ियों के आने-जाने पर जल्द ही ब्रेक लगने की उम्मीद है।

पूरे रेलवे में एसईसीआर बिलासपुर जोन मुख्यालय प्रतिवर्ष सबसे अधिक माल लदान करते हुए सभी जोन से अधिक राजस्व रेलवे बोर्ड को देती है। इसके लिए रेल प्रशासन को कई बार यात्री गाड़ियों को रद्द करना पड़ता है, जिसके कारण यात्री हलाकान होते हैं। वहीं मालगाड़ियों को थ्रू पास देने के लिए यात्री गाड़ियों को आउटर में घंटो नियंत्रित कर दिया जाता है। माल लदान के लिए एक समय जहां जोन में 190 मालगाड़ियां चलती थीं। वह बढ़कर अब 300 से अधिक पहुंच गई है। जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के प्लेटफार्म पर भी यात्री गाड़ियों के स्थान पर मालगाड़ियां ही दिखाई देती हैं। रेलवे प्रशासन गाड़ियों के क्रास मूमेंट की समस्या के समाधान, गाड़ियों का गतिशील परिचालन व समयबद्धता सुनिश्चित करते हुये गाड़ियों की संरक्षित परिचालन की दिशा में बेहतर कार्य करते हुए आधुनिक अधोसंरचना विकास के अनेक कार्य कर रही है। इसी संदर्भ में मंडल के बिलासपुर से उसलापुर स्टेशन के मध्य 10.4 किमी लंबी रेल फ़्लाईओवर रेल के ऊपर रेल का निर्माण कार्य तीव्र गति से कराए जा रहे हैं।

इसके अंतर्गत फ़्लाईओवर निर्माण के साथ ही ओवरहेड लाइन की शिफ्टिंग जैसे सभी महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा कर लिया गया है। लांग वेलडेड रेल लगाने का कार्य अंतिम चरण में है, जिसे अतिशीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। कमिशनर रेलवे सेफ़्टी के निरीक्षण पश्चात इसपर गाड़ियों का परिचालन अतिशीघ्र प्रारंभ होगा।

**प्रभावित होगी गाड़ियों की समयबद्धता**

रेलवे के अनुसार वर्तमान में गाड़ियों को कटनी दिशा की ओर जाने में पूरे बिलासपुर यार्ड को क्रास करना पड़ता है, जिसमें काफी समय लगता है। इसके साथ ही उक्त समय तक रायपुर से बिलासपुर व बिलासपुर से रायपुर दिशा की ओर आने-जाने वाली गाड़ियों को नियंत्रित करना पड़ता है, जिससे गाड़ियों की समयबद्धता प्रभावित होती है। इस कार्य के पूरा होते ही बिलासपुर से कटनी दिशा की ओर जाने वाली सभी गाडियां इस मार्ग से अविलंब उसलापुर होते हुये कटनी दिशा की ओर जाने लगेगी। इसके साथ ही बिलासपुर-रायपुर-बिलासपुर दिशा की गाड़ियों को नियंत्रित नहीं करना पड़ेगा। इससे गाड़ियों की समयबद्धता बढ़ेगी तथा आने वाले दिनों में इसका सीधा लाभ यात्रियों को कम समय में अपने गंतव्य तक पहुंचने के रूप में मिलेगी। बिलासपुर और उसलापुर को ट्विन सिटी के रूप में विकसित होने में सहायता मिलने के साथ उसलापुर स्टेशन में यात्री सुविधा विकास और व्यापारिक गतिविधियों को बेहतर संचालन करने में मदद मिलेगी।

# प्रदूषण मामले में कोरबा पहुंचा दिल्ली के करीब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



औद्योगिक नगरी कोरबा प्रदूषण के मामले में दिल्ली शहर के बहुत करीब पहुंच चुका है। एनवायनिक्स ट्रस्ट द्वारा दोनों शहरों के प्रदूषण का लगातार अध्ययन करने के बाद जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कोरबा का पार्टीकुलेट मेटर (पीएम) का स्तर दिल्ली पीएम के करीब पहुंच गया है। एनवायरनिक्स ट्रष्ट की नियमित निगरानी पर रिपोर्ट डाले तो कई बार ऐसा हुआ है जब दिल्ली से भी अधिक प्रदूषण की मार कोरबा के रहने वालों को झेलनी पड़ी है। अक्टूबर माह के दौरान कोरबा में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 227 तो दिल्ली का 243 रहा।

उल्लेखनीय है कि जिले में दर्जन भर से अधिक कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों से लगभग 8500 मेगावाट विद्युत उत्पादन होता है। कोल इंडिया से संबद्ध एसईसीएल की 14 से अधिक खदानों से सालाना 1250 लाख टन से अधिक कोयला उत्पादन हो रहा है। खदानों में होने वाले उत्खनन व परिवहन की वजह से कोल डस्ट यहां की सबसे अधिक समस्या है। खदानों में होने वाले उत्खनन व परिवहन की वजह से कोल डस्ट यहां की सबसे बड़ी समस्या बनकर उभर रही है। विद्युत संयंत्रों के चिमनियों से निकलने वाले धुएं की वजह से शहर की वायु भी प्रदुषित हो रही है। उचित प्रबंधन के अभाव में बिजली संयंत्रों के राखड़ बांध से भी राख वातावरण में घुल रही है। ज्यादातर विद्युत संयंत्र प्रबंधन भर चुके बांध से राख परिवहन कर लो लाइन एरिया के नाम पर रिहायसी इलाकों में डंप कर रहे हैं, इसकी वजह से भी पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंच रहा है। सड़क निर्माण कार्यों में भी राख का उपयोग किया जा रहा है, पर राख सूखकर न उड़े इसकी व्यवस्था नहीं की गई है। इसी का प्रमाण है कि पदूषण का स्तर कोरबा जिले में दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा है। एनवायरनिक्स ट्रष्ट विश्व स्वास्थ्य संगठन की गाइड लाइन के मापदण्डों के अनुसार कोरबा व दिल्ली दोनों शहरों के प्रदूष स्तर की नियमित निगरानी कर रही है। संस्था ने कोरबा में सरईसिंगार, हरदीबाजार, पाली, दर्री, जमनीपाली, कुसमुंडा सहित 17 वायु गुणवत्ता मॉनिटर मशीन लगाए गए थे। वायु प्रदूषण का स्तर जांचने 6 कैटेगरी बनाई गई है। जिसमें कोरबा 200 से 300 एक्यूआई कैटेगरी पर है, इसे कमजोर स्तर माना जाता है।

**खास बात**

- कोरबा की एक्यूआई 227 तो दिल्ली का 243

# नगपुरा के विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए डा. देवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




कार्यक्रम में शपथ लेते अतिथि।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी द्वारा प्रमुख योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत में किया जा रहा है।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समयसीमा मे बेहतर तरीके से लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचाया जाना है, जिसके लिए भारत सरकार एवं वर्तमान भाजपा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे स्वच्छ भारत मिशन, वित्त पोषण सेवाएं एलपीजी कनेक्शन, ग्रामीणों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण आहार, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, आयुष्मान कार्ड, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आंगनवाड़ी जैसे बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए योजनाओं के माध्यम से सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएं सरल और सुलभ बनाने हेतु सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का मुख्य उद्देश्य सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ ग्राम के तथा समाज के अंतिम व्यक्ति यह सेवा का लाभ ले और वह अपने जीवन और अपने परिवार को विकसित कर सके। इस योजना अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत में भारत सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु स्वचालित वैन भेजी जा रही है, जिससे विभिन्न योजनाओं की जानकारी हमारे ग्रामीणों को मिल सके और वह उनका लाभ उठा सके। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज दुबे, ग्राम सरपंच श्रीमती सुरेखा बाई लहरे, कृष्णा पांडे, पवन छाबड़ा अंकित पाल गिरी, पंकज कौशिक, सहित जनपद पंचायत बिल्हा के सहित सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# समाज के महासम्मेलन में जुटे छत्तीसगढ़ी स्वर्णकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



कार्यक्रम में उपस्थित स्वर्णकार समाज के लोग।

मां महामाया नगरी रतनपुर में महामाया माता के दरबार में छत्तीसगढ़ के छत्तीसगढ़ी सुनारों का प्रांतीय महा अधिवेशन हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आए सुनारों स्वर्णकारों ने अपनी उपस्थिति दी एवं छत्तीसगढ़ी स्वर्णकारों में वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित जनों के मध्य विचारों का आदान प्रदान किया।

छत्तीसगढ़ में स्वर्णकारों के संगठन के महत्व को बताते हुए ध्रुव सोनी के माध्यम से महाअधिवेशन को मूर्तरूप दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वर्णकार अधिवेशन के महासम्मेलन से स्वर्णकार संगठन के महत्व को बढ़ावा एवं छत्तीसगढ़ के संगठन को बल मिलेगा और पहले से ज्यादा सुसंगठित समाज का विकास किया जाएगा। प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज बिलासपुर के अध्यक्ष राकेश सोनी ने कहा कि स्वर्णकार संगठन को किस प्रकार सशक्त बनाया जाए और किस प्रकार से सुसंगठित किया जाए इसके कुछ सुझाव एवं उपाय बताएं गए। विचारों के आदान-प्रदान को परिलक्षित करते हुए प्रगतिशील स्वर्णकार समाज के पूर्व अध्यक्ष कामता सोनी ने संगठन की अर्थव्यवस्था को समझाते हुए संगठन को किस प्रकार मजबूती प्रदान किया जाए उससे अवगत कराया एवं सम्माननीय सदस्य और भाजपा के प्रबल कार्यकर्ता नंदू सोनी ने समझाया कि किसप्रकार समाज को संगठित राजनीति सहयोग के माध्यम से करके विकास की ओर अग्रसर कर सकते हैं। सामूहिक भोज के माध्यम से यह महासम्मेलन को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम में महिला सदस्यों में श्रीमती ममता सोनी, श्रीमती सरोज सोनी, श्रीमती रानी सोनी, श्रीमती प्रीति सोनी, श्रीमती निशा सोनी, श्रीमती मीरा सोनी, दुर्गा सोनी, प्रेरणा सोनी, नंदनी सोनी, प्रांची सोनी, साक्षी सोनी पुरुषों में सम्मिलित प्रगतिशील स्वर्णकार समाज के अन्य सदस्यों में सूर्यकांत सोनी, नरेंद्र सोनी, सीएल सोनी उपाध्यक्ष एवं वेद कुमार सोनी सचिव एवं कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी पवन सोनी, बालकृष्ण सोनी प्रचार प्रसार प्रभारी एवं महेश राम सोनी, राजेंद्र कुमार सोनी, विकास सोनी, ईश्वर सोनी, गोपाल सोनी, प्रहलाद सोनी, रामेश्वर सोनी आदि सदस्यों ने हिस्सा लेकर योगदान दिया।।




## राजभाषा कार्यशाला में व्याख्यान

**सेमरताल।** प्रभारी उपमहाप्रबंधक शशि ओलिम लकड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर पीएस लोधी वरिष्ठ अनुवादक, बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन बिलासपुर मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला के प्रारंभ में सुनील कुमार साहू, अभियंता उपकेन्द्र एवं हिंदी नोडल अधिकारी ने कार्यशाला के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। केन्द्र प्रभारी श्री लकड़ा, उप महाप्रबंधक ने बताया कि केन्द्र सरकार के कर्मचारी होने के नाते हमें अपना अधिक से अधिक कार्य राजभाषा में ही करना चाहिए, ताकि आमजन तक अपनी बात आसानी तक पहुंचाई जा सके। कार्यशाला के मुख्य वक्ता पीएस लोधी ने राजभाषा के प्रयोग में होने वाली वर्तनीगत अशुद्धियों को दूर करने पर व्याख्यान एवं राजभाषा विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार सरकारी कार्यों में मानक भाषा का प्रयोग करने पर बल दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों लिए राजभाषा ज्ञान प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन कराया, ताकि अधिकारियों एवं कर्मचारियों में राजभाषा के प्रति झिझक दूर हो सके तथा अपने दैनिक शासकीय कार्यों को



## एनएसएस का सात दिवसीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखराम

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखराम में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिवसीय शिविर ग्राम-बसहा में 4 से 10 दिसम्बर तक लगाया गया। शिविर का थीम नशामुक्त समाज के लिए युवा था, जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा नशामुक्ति हेतु रैली एवं नुक्कड़ नाटको के द्वारा जागरूकता लाने प्रयास किया गया। ग्राम में स्थित प्रसिद्ध कुकरेश्वर नाथ मंदिर परिसर सहित ग्राम के सभी देवालयों, तालाब एवं हाट बाजार की साफ सफाई करते हुए कूड़ादान का निर्माण किया गया।

शिविर का समापन 10 दिसम्बर को हुआ, जिसमें ग्राम सरपंच श्रीमती सुनीता ब्रजेश साहू सहित अन्य पंच, ग्राम सचिव, कोटवार, एवं शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षक सहित कार्यक्रम अधिकारी निर्मल देवांगन उपस्थित रहें। समापन समारोह कार्यक्रम में मंच संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारि रामायण सूर्यवंशी ने किया।

## अनुपस्थित दो शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश पर एसडीएम पाली श्रीमती रूचि शार्दुल ने गुरुवार को शासकीय हाईस्कूल इरफ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य एन.एन. इशाक और व्याख्याता नारायण प्रसाद देवांगन बिना अनुमति के अनुपस्थित मिले। दोनों को नोटिस जारी किया गया है। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की कक्षा लेकर शिक्षकों द्वारा कराए जाने वाले अध्ययन के विषय में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्राः ग्रामीणों को मिला योजनाओं का फायदा




**मस्तूरी।** जनपद पंचायत मस्तूरी में तीन दिवसीय विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 20 दिसम्बर से किया गया। शिविर के पहले दिन जयरामनगर, गतौरा, लावर, दर्रीघाट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए ग्रामीणों ने अनुभव किया

शिविर के दूसरे दिन मस्तूरी, भदौरा, किरारी एवं किसान परसदा के ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। शिविर का आयोजन 20 से 22 दिसम्बर तक किया जाएगा। शिविर में स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत, पीएम उज्वला योजना, पीएम आवास, जल जीवन मिशन जैसी अन्य योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई और लाभान्वित किया गया। 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के तहत हितग्राहियों ने योजनाओं से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी दी। प्रचार वैन के ग्राम पंचायत में पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। समूह की महिलाओं तथा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शिविर स्थल में योजनाओं की जानकारी और लाभ मिलने से ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित इस शिविर की सराहना करते हुए प्रशासन को धन्यवाद दिया।

* **कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा खनिज विभाग को जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन रोकने के कड़े निर्देश लगातार दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन में संलग्न चार ट्रैक्टरों पर कल कार्यवाही के पश्चात हरदीबाजार क्षेत्र में मिट्टी-ईंट के एक ट्रैक्टर, रेत के एक हाईवा, कुसमुण्डा क्षेत्र में रेत के एक ट्रैक्टर, कोरबा क्षेत्र में मिट्टी-ईंट के एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-3 बिलासपुर**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भः- जिला- बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न. 00041 सिरगिटी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CT202324400109100053

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम सिरगिटी के वर्तमान भूमिस्वामी विजय कुमार मिश्रा पिता/पति-रामखिलावन मिश्रा पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 595/4(0.1010) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अनिता जैन पिता/पति-संतोष जैन पता-बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फ्रौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03/01/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-3 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/12/2023 को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**SHRI AKASH GUPTA**
**बिलासपुर**

**न्यायालय तहसीलदार मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**/ / ईश्तहार / /**

रा. प्रकरण क्रमांक 202306071300061 अ-6-अ / 2021-22. ग्राम लावर, तहसील मस्तूरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा ग्राम लावर तहसील मस्तूरी, जिला-बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुपेन्द्र सिंह आ. गुरुचरण सिंह गांधी निवासी ग्राम ढेका के द्वारा ग्राम लावर, प.ह.नं. 25. तहसील मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि ख.नं. 83 में से रकबा 1.00 ए. भूमि को अनावेदकगण के पिता बिसौहा केंवट आ. झुरूराम केवट से दिनांक 08.06.2001 को क्रय किया गया है। आवेदक के द्वारा वादभूमि को क्रय करने पश्चात ना.क्र. 13 आदेश दिनांक 13.03.2013 को विविधत नामांतरण कराकर ऋण पुस्तिका खाता क्रमांक 680 दिनांक 20.12.2013 को आवेदक का नाम नामांतरित कर ख.नं. 83 की जगह बटांकन कर ख.नं. 83/ 2 का ऋण पुस्तिका जारी किया गया है। जिसका ऋण पुस्तिका कमांक 1568862 है। वादभूमि में वर्तमान में आवेदक का कब्जा है परंतु वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक का नाम विलोपित हो गया है। जिसे अभिलेख दुरुस्त कर आवेदक अपने नाम पर रिकार्ड दुरुस्त कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण में दिनांक 29/12/2023 को सुनवाई नियत है। जिसमें अनावेदकगण सुखीराम केंवट, शिवकुमार केंवट, दीपक केंवट, अजय केंवट, विजय केंवट, दुखनी केंवट, अनारकली, कुमारी, प्रकाश पिता स्व. बिसौहा, मजराबाई बेवा स्व. बिसौहा इस समाचार पत्र के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.12.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं सीलमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार, मस्तूरी**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान दशम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 बिलासपुर (छ.ग.)**

रामेश्वर साहू (मृत) शेष नारायण व अन्य.......................... वादीगण

विरूद्ध

मयाराम व अन्य........... प्रतिवादीगण

व्यवहार प्र.क. 188 ए/18
श्रवण दिनांक 10/01/24

1. दशरथ साहू आयु 70 वर्ष आत्मज श्री भोदूं राम साहू 2. लखन लाल साहू आयु 50 वर्ष आत्मज श्री दशरथ साहू 3. भरत लाल साहू आयु 48 वर्ष आत्मज श्री दशरथ साहू 4. शत्रुहन लाल साहू आयु 45 वर्ष आत्मज श्री दशरथ साहू 5.राम कुमार साहू आयु 40 वर्ष आत्मज श्री दशरथ साहू 6 राजेन्द्र साहू आयु 38 वर्ष आत्मज श्री दशरथ साहू 7 संजय साहू आयु 35 वर्ष आत्मज श्री दशरथ साहू

सभी निवासी ग्राम मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

व्यवहार प्र.क. 188 ए/ 18 के द्वारा इस न्यायालय में वादीगण के द्वारा स्वत्व की घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु प्रकरण प्रस्तुत किया गया । जिसमें प्रति क्रमांक 06 अंम्बिका बाई साहू की मृत्यु हो गयी है जिसके विधिक प्रतिनिधि को यह सूचना प्रेषित किया जा रहा है । जिसकी सुनवाई हेतु इस न्यायालय मे दिनांक 10/01/2024 को दिन के 11.00 बजे तिथि नियत है जिसमे हाजिर होने हेतु आपको समंस / ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है। आप स्वयं अथवा अपने ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिनको इस प्रकरण के सम्यक अनुदेश दिया गया हो और जो इस निष्पादन प्रकरण से संबंधित सारवान प्रश्नो का उचित उत्तर दे सके और प्रतिरक्षा कर सके । यदि नियत तिथि को किसी प्रकार की आपत्ति / प्रतिरक्षा नही किये जाने पर उक्त प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटरा अनुपस्थिति मे किया जावेगा । यदि किसी कारण वश नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो उक्त प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी ।

अतः आज दिनांक 15/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया जाता है ।

**(आशीष कुमार चंदेहे)**
**दशम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग -2**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**Health Town**

**मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल**
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) — पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध — जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

**जड़ से इलाज**
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

## खबर संक्षेप

### भाजपा किसान मोर्चा ने किया प्रदर्शन फूंका पुतला, की नारेबाजी



**बिलासपुर।** संसद के शीतकालीन सत्र में संसद परिसर में उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा सभापति जगदीश धनकड़ के अपमान के विरोध में गुरुवार को भाजपा किसान मोर्चा ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन किया। बिलासपुर में भाजपा किसान नेताओं ने डा श्यामाप्रसाद मुखर्जी चौंक पर कांग्रेस नेता और तृणमूल कांग्रेस सांसद का पुतला फूंक कर आक्रोश व्यक्त। भाजपा नेताओं ने इसकी जमकर निंदा की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, पूर्व महापौर किशोर राय, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री राकेश तिवारी, भाजपा नेता कृष्णकुमार कौशिक, संजय मुरारका, प्रणव शर्मा, समदरिया प्रकाश, सूर्या, संजय मुरारका, स्मृति वैष्णव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अशोक विधानी, रामू साहू, राजेश तिवारी, दुर्गा हरि, गुरुंग पटेल, कन्हैया यादव, दीपक साहू, बसंत पटेल नीलिमा छाबड़ा, महर्षि बाजपेई, निर्मल जीवनान, अनिल यादव, लक्ष्मी पटेल, द्वारिका पटेल, संतोष प्रजापति सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### टेली लॉ योजना से ले सकते हैं कानूनी जानकारी



**बिलासपुर।** न्याय विभाग द्वारा संचालित टेली लॉ योजना से मिलने वाले लाभ की जानकारी रौनक गुप्ता ने मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों को ग्राम अकलतरी में दी। इस मौके पर सीएससी सेंटर के संचालक ने मजदूरों को बताया कि देश का कोई भी नागरिक टेली लॉ योजना के अंतर्गत घर बैठे वरिष्ठ वकीलों से टेलीफोनिक एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से दहेज, पारिवारिक विवाद, तलाक, घरेलू हिंसा, महिला पर अत्याचार बच्चे व वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न यौन दुर्व्यवहार छेड़छाड़, जमीनी विवाद, जायदाद व संपत्ति का अधिकार, महिला पुरुष के समान मजदूरी, मातृत्व लाभ, लिंग जांच व भ्रूण हत्या रोकथाम, बाल विवाह रोकथाम, बाल श्रम, बाल मजदूरी, बाल अधिकार, एफआईआर लिखवाने और जमानत मिलने की प्रक्रिया आदि की जानकारी ले सकता हैं।

### हसदेव अरण्य क्षेत्र में कटाई पर रोक लगाने की मांग



**बिलासपुर।** हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति ने हसदेव के जंगलों की कटाई, गिरफ्तार आंदोलनकारियों की रिहाई और जंगल कटाई पर रोक लगाने की मांग की है। समिति ने बताया कि रामलाल करियाम (ग्राम हरिहरपुर), जयनंदन पोर्ते (सरपंच ग्राम घाटबर्रा) और ठाकुर राम सहित अन्य आंदोलनकारी साथियों को पुलिस घर से उठाकर ले गई है और गांव में पुलिस फोर्स तैनात करके परसा ईस्ट केते बासेन कोयला खदान के लिए पेड़ों की कटाई शुरू कर दी है। समिति ने इस कार्रवाई की भर्त्सना की है। आदिवासियों साथियों की तत्काल रिहाई की मांग करते हुए हसदेव के जंगल विनाश पर रोक लगाने की मांग की है।

### ऑफिसर्स क्लब के सदस्यों ने मनाया पिकनिक



**बिलासपुर।** ऑफिसर्स क्लब के सदस्यों ने इस वर्ष भी पिकनिक उसलापुर स्थित अलका एवेन्यू के रॉयल पार्क लेक हाउस में हर्षोल्लास के साथ मनाया। पिकनिक के प्रमुख होस्ट प्रांगणा, आरती, सुषमा, दीप्ति एवं निशा ने गेम तंबोला से हम सभी का मनोरंजन कराया। स्वादिष्ट भोजन का आनंद भी लिया गया। क्लब अध्यक्ष किरण बाजपेई ने कहा कि पिकनिक आपस में मिलने-जुलने का एक अच्छा माध्यम है। इससे मन खुशी से भर जाता है। खुश रहना स्वास्थ्य के लिए बेहतर भी होता है। सचिव रिद्धि बाजपेई ने सभी का धन्यवाद किया। इस दौरान विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उर्मिला मल्होत्रा, अर्चना तिवारी, नमिता बाजपेई, वंदना मिश्रा, नीरा मिश्रा, निविता, आशा खरे, आशा सकूजा, बीना चतुर्वेदी, बीना मनचंदा, दीप्ति देवरस, दीप्ति वोरा, इनाक्षी, गायत्री, कंचन, कस्तूरी राव, किरण तिवारी, कुसुम पटेरिया, मंजू भार्गव, मीरा मिश्रा, प्रीति, सरोज साहू, सावित्री जायसवाल, श्यामा गुप्ता, उषा भांगे, सुमन परोहा उपस्थित थीं।

### डॉ. मानिकदास को भारत भूषण सम्मान 2023 से नवाजा गया

**बिलासपुर।** राष्टीय एंटी रेसमेंट फॉन्डेशन द्वारा मध्यप्रदेश भोपाल में 17 दिसंबर को आयोजित सम्मान समारोह में गत 13 वर्षो से अपने स्वयं के व्यय से निस्वार्थ सेवा करते आ रहे न्यू महाराणा आईटीआई के चेयरमैन डॉ मानिकदास मानिकपुरी विवेकानंद नगर मोपका बिलासपुर को भारत भूषण सम्मान 2023 से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान मुख्य अतिथि वालीवुड एक्टर रमेश गोयल मुम्बई एवं एयर कमांडर एस. आक्थर, सुनील कुमार सोरी के हाथों दिया गया। इनके द्वारा मुख्य रूप से किए गए सेवाभाव, स्वास्थ सेवाभाव, करोना काल में पीड़ितों की सहायता, नशा मुक्ति, आर्थिक सहायता, उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहयोग, स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना, एक्सीडेंट में सहयोग करना इत्यादि कार्यों में हमेशा आग्रणी रहे।




## स्वदेशी मेले का रंगारंग समापन

# केश सज्जा स्पर्धा में बनाए गए ब्राइडल जूड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साइंस कॉलेज मैदान सरकंडा में चल रहे स्वदेशी मेले के आखिरी दिन गुरुवार को केश सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने ब्राइडल सहित अन्य कई तरह के जूड़े सजाए। उसे बटरफ्लाई, कलरफूल पिन लगाकर डेकोरेट भी किया। इसका निर्णायकों सहित उपस्थित सभी महिलाओं ने अवलोकन कर उनकी केश कला की सराहना की।

केश सज्जा प्रतियोगिता एक ही वर्ग में आयोजित थी। इसमें प्रतिभागियों ने उत्साह से भाग लिया एवं अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक जूड़े सजाए। कॉलेज छात्रा चेतना सिंह ने गुलाब चोटी बनाई। इसमें उन्होंने बाल से ही चोटी में गुलाब-गुलाब बनाकर उसे सजाया था। यह पार्टी वियर डिजाइन है, जिसे शादी या किसी खास अवसर पर महिलाएं, युवतियां बनवाती हैं। प्राची विश्वकर्मा ने ब्राइडल जूड़े सजाए। यह जूड़ा पार्टी वैगरह में ज्यादातर बनवाए जाते हैं। प्राची को विविध तरह के जूड़े बनाने का बड़ा शौक है। उसने व्यापार मेले में होने वाले हरिभूमि की मेहंदी प्रतियोगिता से भाग लेना शुरू किया है। उसे पुरस्कार भी मिला है। निर्णायकों में रीता ताण्डी एवं रहमत निशा शामिल रहीं। इस मौके पर अरूणा दीक्षित, नीता श्रीवास्तव, किरण मेहता, शोभा कश्यप, मीना गोस्वामी, चंचल, चंदना गोस्वामी, किरण, सृष्टि सिंह, पूनम, निधि तिवारी सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।



स्वदेशी मेला के समापन पर पहुंचे मंत्री बृजमोहन अग्रवाल व समिति के पदाधिकारी।




केस सज्जा प्रतियोगिता में शामिल युवतियां।

### रही भारी भीड़, जमकर की गई खरीददारी

मेले के आखिरी दिन गुरूवार को मेले में भारी भीड़ रही। महिलाओं, बच्चों एवं पुरूषों का स्वेटर में ऑफर चल रहा था। इसके चलते मात्र 100 से साढ़े तीन सौ रूपए में स्वेटर बिका। इसकी खरीददारी करने भीड़ उमड़ पड़ी थी। अन्य आयटमों को खरीदने देर रात तक मेले में हलचल होती रही। आयोजकों ने मेला के दौरान हुई विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की। फिर सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल के हाथों पुरस्कार का वितरण किया गया। मंचीय कार्यक्रम में लोरमी पंडरिया के नरेंद्र यादव व टीम के कलाकारों ने पारंपरिक वेश में नाचा एवं सेंदरी की टीम ने पंथी नृत्य पेश किया। कार्यक्रम का संचालन अभिजीत मित्रा ने किया। इस मौके पर प्रवीण झा, डॉ ललित माखिजा, सुरेंद्र गुम्बर, सुशील श्रीवास्तव, नीता श्रीवास्वत, प्रफुल्ल शर्मा तुषार पानसे, धीरज बाजपेयी, सुब्रत चाकी, जीआर जगत, अर्णव चौधरी चंद्रशेखर बघेल, पूनम सिंह, सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

### बिलासपुर मेरे लिए शुभ है : बृजमोहन

वरिष्ठ भाजपा नेता व प्रदेश सरकार के नए मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि बिलासपुर उनके लिए शुभ है। स्वदेशी मेले में शामिल होने के लिए रवाना होते समय उन्हें सूचना मिली कि कल मंत्री पद की शपथ लेना है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वोकल फार लोकल की राह पर है। मोदी जी ने विदेशी कंपनियों को भारत में व्यापार करने के लिए अपना उत्पादन करने फैक्ट्री भारत में स्थापित करने कहा, इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा।

# श्री राणीसती दादी के परिणय उत्सव पर 501 मिट्टी के दीपक से भक्तों ने की आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री राणीसती दादी के परिणय उत्सव नवमीं पर सुश्री सुरभि बिरजुका की सुमधुर वाणी में गुरुवार की दोपहर 3.30 बजे से रात 9 बजे तक गोविंदम पैलेस के दादी भक्त झूमते नजर आए। कार्यक्रम में श्री दादी की हल्दी एवं मेंहदी का संगीतमय संस्कार किया गया।

मृदंग और ढोल नगाड़ों के बीच प्रगट हुई दादी की श्री गंगा आरती बनारस के पांडित्य जनों द्वारा और 501 मिट्टी के दीपक से हजारों भक्तों ने मिलकर आरती की। पाठ की समाप्ति पश्चात 56 भोग एवं दादी की रसोई से स्वादिष्ट भोजन प्रसाद का सभी ने आनंद उठाया। आज के आयोजन को सफल बनाने में नवल किशोर तुलस्यान, सीए आनंद कुमार अग्रवाल, एडवोकेट प्रवीण तुलस्यान, अजय अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, सुरेश कुमार तायल, पवन अग्रवाल, श्रीकांत केडिया, संदीप अग्रवाल, पुरुषोंत्तम अग्रवाल, ललित अग्रवाल, ऋषि अग्रवाल, वेंकट अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल सहित हजारों की सँख्या में दादी भक्त शामिल हुए।



राणीसती दादी के परिणय उत्सव पर आरती करते श्रद्धालु।

### सुश्री सुरभि बिरजुका की सुमधुर संगीतमय प्रस्तुति से झूमे श्रद्धालु



कार्यक्रम में शिव पार्वती बने कलाकार।

#### भक्तों ने किया शिवजी व पार्वती के रूप का दर्शन

इस अवसर पर मनमौजी महाकाल झांकी ग्रुप के सोनू मनमौजी शिवजी तथा सपना मनमौजी पार्वती के रूप में दर्शन दिए। बनारस से विशेष रूप श्री गंगा आरती की तर्ज पर श्री दादी की आरती करने आचार्य गोविन्द तिवारी, पंडित दिव्यांशु पाठक , पंडित पवन पाठक, पंडित अभय तिवारी, पंडित आदर्श झा व सहयोगी विशाल ने आयोजन में चार चांद लगा दिए।

# बालाजी मंदिर रेलवे में वैकुण्ठ एकादशी पूजा कल

**बिलासपुर।** रेल्वे परिक्षेत्र एन.ई.कालोनी में स्थित श्री कोदंडा रामालयम एवं श्री बालाजी मंदिर में धनुर्मास में होने वाले वैकुण्ठ एकादशी में उत्तर द्वार से विशेष प्रवेश पूजा 23 दिसंबर शनिवार को सुबह 5 बजे ब्रम्हमुहूर्त से किया जाएगा।

यह उत्सव सभी विष्णु मंदिरों में मनाया जाता है। दक्षिण भारत के सभी विष्णु मंदिरों में भक्तों के प्रवेश करने के लिए एक विशेष प्रवेश द्वार होता है जिसे वैकुंठ द्वार कहा जाता है। यह प्रवेश द्वार केवल वैकुंठ एकादशी पर खोला जाता है। स्वर्ग द्वार से विष्णु की उत्सव मूर्ति बाहर निकलती है। जिसे बहुत से भक्त बाहर से दर्शन करते हैं। कुछ भक्त मूर्ति के पीछे-पीछे ही बाहर निकलते हैं। माना जाता है कि कोई भी व्यक्ति जो इस दिन 'वैकुंठ द्वार' से निकलती मूर्ति के दर्शन करता है या मूर्ति के पीछे 'वैकुंठ द्वार' से गुजरता है, वह वैकुंठ प्राप्त करता है। अखिल भारतीय अय्यप्पा सेवा संघम बिलासपुर द्वारा आयोजित इस पूजा में सुबह 5 बजे वैकुण्ठ उत्तर द्वार विशेष प्रवेश, सुबह 5 बजे से 6:30 बजे तक श्रीगोदादेवी माता की कुमकुम पूजा, सुबह 7 बजे स्वामी अय्यप्पा पूजा, सुबह 9 बजे भजन-कीर्तन, सुबह 11 बजे पड़ी पूजा व भोग, सुबह 11:30 बजे महाआरती एवं दोपहर 12 बजे भक्तों के लिए अन्नदानम का विशेष धार्मिक अनुष्ठान पूजा किया जाएगा।



- उत्तर द्वार प्रवेश, विशेष धार्मिक अनुष्ठान पूजा कर किया जाएगा अन्नदानम

#### इनका मिल रहा सहयोग

पूजा अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान, विधि-विधान एवं सुचारू रूप से करवाने मंदिर प्रबंधक समिति के सदस्य जिसमें आर.वीरास्वामी अध्यक्ष, पट्नायक विपिन प्रसाद कार्यवाहक अध्यक्ष, एस. साई. भास्कर सचिव, जी.रविकन्ना सहसचिव, पी.धर्मा राव कोषाध्यक्ष, ई. सिम्माचलम सह कोषाध्यक्ष, पंच प्रबंधक सदस्य बी. शंकर राव, एल श्रीनिवास, प्रभाकर राव, जी.एस. प्रकाश, टी. राजेश सहित समाज के अन्य लोग लगे हुए हैं।

### फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों को नियंत्रित करने एनपीएसएस में दिया प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** भारत सरकार के कृषि एव किसान कल्याण मंत्रालय के वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र रायपुर द्वारा मानव संसाधन विकास कार्यकम अंतर्गत एनपीएसएस प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 69 प्रतिभागी जिनमें कृषि विभाग के अधिकारी एवं किसान, कृषक मित्र आदि शामिल हुए। केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र रायपुर के प्रभारी सहायक निदेशक (कीट) नीरज कुमार सिंह,, सभागीय संयुक्त संचालक कृषि संभाग बिलासपुर एमके चौहान,, उप संचालक कृषि बिलासपुर पीडी हथेश्वर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सहायक निदेशक (कीट) ने नेशनल पेस्ट सर्वेलेंस सिस्टम एप की जानकारी दी। किसान के मोबाइल से इस एप से फसलों पर नुकसान करने वाले कीटो की पहचान व उसे नियंत्रित करना बताया। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी (कीट) डॉ. चवन विकास ने फसलों पर लगने वाले दुश्मन कीट एवं मित्र कीट की पहचान करने का सरल तरीका बताया। जिससे एनपीएसएस एप में इन कीटों की जानकारी शामिल की जा सके। कार्यक्रम के दौरान अशोक कुमार अनिल कौशिक सहायक संचालक कृषि बिलासपुर उमेश कुमार कश्यप ग्राकृवि अधिकारी, विजय धीरज ग्राकृवि अधिकारी उपस्थित रहे।



### बिलासा कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने किए निर्माणाधीन अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा एमएससी भौतिकी की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण में बनारस हिंदू विश्विद्यालय एवं भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान बीएचयू और अयोध्या 16 से 19 दिसम्बर तक ले जाया गया। जहां विभिन्न विभागों की प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया गया और आधुनिक उपकरणों की जानकारी, नयी टेक्नोलॉजी के विषय पर व्याख्यान छात्राओं को प्राप्त हुआ। बीएचयू आईआईटी के मटेरियल साइंस के प्राध्यापक डॉ अखिलेश सिंह ने पूरी प्रयोगशाला के सभी उपकरणों का उपयोग और रिसर्च में इसकी संभावना पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने बीएचयू आईआईटी में प्रवेश की प्रक्रिया को बताया साथ ही साथ कैसे हम रिसर्च में छत्तीसगढ़ में रहकर भी बीएचयू का सहयोग ले सकते हैं। छात्राओं ने प्रश्न पूछ अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। इस भ्रमण में सीयू के प्राध्यापक डॉ जय सिंह का विशेष सहयोग मिला। भ्रमण में मां गंगा आरती और काशी विश्वनाथ भगवान के दर्शन कर अपनी संस्कृति को देखा। अयोध्या मे राम भगवान के दर्शन किए और क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज वर्मा ने नये राम मंदिर की बनावट की तकनीकों को बारीकी से बताया। प्राण प्रतिष्ठा के समय तक मुख्य मंदिर के एक शिखर को छोड़ कर सभी शिखर का कम पूर्ण हो जाएगा।



### पूर्व प्रधानमंत्री बाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी भाजपा

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में 25 दिसंबर को मनाने का निर्णय लिया है। गुरुवार 21 दिसंबर को हुई बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी के निर्देशानुसार एवं प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की कार्य योजना अनुसार पार्टी संगठन द्वारा 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाएगा। 26 दिसम्बर को 10 सिख गुरू गोविंद सिंह के पुत्र साहिब जादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। बैठक में कार्यक्रमों की कार्य योजना बनाई गई। जिसमें सुशासन दिवस पर 25 दिसम्बर को मंडल से लेकर बूथ स्तर पर कार्यक्रम होगा। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, घनश्याम कौशिक, अवधेश अग्रवाल, रामू साहू, कृष्ण कुमार कौशिक, चंद्रप्रकाश सूर्या, दुर्गा प्रसाद कश्यप, दीपक सिंह, प्रदीप कौशिक सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।आयोजन को लेकर पार्टी के सदस्यों ने तैयारी शुरू कर दी है। हर जगह धूमधाम से जयंती सहित अन्य उत्सव मनाने के लिए आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है।



## सीएमडी को हराकर इंटर कालेज पुरुष हैंडबॉल का खिताब जेपी वर्मा कालेज ने अपने नाम किया

**बिलासपुर।** एलसीआईटी कालेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस बोदरी की मेजबानी में आयोजित इंटर कालेज पुरुष हैंडबॉल का खिताब जेपी वर्मा कालेज ने सीएमडी कालेज को 6 गोल से हराकर जीता।

महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी आयोजन सचिव ओमकार जायसवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आवंटित अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के दिशा निर्देश पर एलसीआईटी कालेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस बिलासपुर की मेजबानी में आयोजित इंटर कालेज पुरुष हैंडबॉल का खिताब जेपी वर्मा कालेज ने सीएमडी कालेज को 15- 09 के मुकाबले 6 गोल से हराकर जीता। इस प्रतियोगिता में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से संबंधित 6 महाविद्यालय की टीम ने भाग लिया। 3 महाविद्यालय के खिलाड़ी ट्रायल में भाग लिए थे। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच मेजबान एलसीआईटी कालेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस विरुद्ध जेपीवर्मा कालेज के मध्य खेला गया। जिसमें जेपी वर्मा कालेज ने जीत दर्ज की। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला सीएमडी महाविद्यालय विरुद्ध साइंस महाविद्यालय के मध्य खेला गया। जिसमें सीएमडी महाविद्यालय ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया था। इसमें जेपी वर्मा कालेज ने सीएमडी कालेज को 15-09 के मुकाबले 6 गोल से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एलसीआईटी कालेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस के प्राचार्या डॉ. अर्चना शुक्ला ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान किया। इस दौरान डॉ. प्रमोद कुमार तिवारी, डॉ. देवर्षि चौबे, प्रमोद कुमार जैन, अंकित जैन, टी एस चैयरमेन उपकार राय, डॉ. हरीश कोठारी , प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला, प्राचार्य डॉ. श्रुति राठौर, उपप्राचार्य अभिनव पाल, उपप्राचार्य शुभी श्रीवास्तव, डॉ. अरुण वर्मा, उमेश पटनायक, अभिषेक केशरवानी, आदिल डल्ला, संजय सेन्द्रे आदि मौजूद थे।



## सब जूनियर राष्ट्रीय जूडो में खुशी ने जीता कांस्य

**बिलासपुर।** जिले की जूडो खिलाड़ी खुशी चुटैल ने 28 किलो वर्ग भार में 15 से 18 दिसंबर तक राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम कोच्चि केरला में हुए राष्ट्रीय सब जुनियर जूडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर बिलासपुर जिले का ही नही अपितु छत्तीसगढ़ का नाम भी ऊंचा किया है।

बिलासपुर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बहतराई में कक्षा 7 वी में अध्ययनरत छात्रा खुशी चुटैल खेल परिसर जूडो अकादमी प्रशिक्षक राजकुमार जायसवाल से अपने खेल का अभ्यास करती है। राष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी खुशी चुटैल के पिता कमलेश चुटैल और माता शारदा चुटैल है। खुशी चुटैल अपने वजन वर्ग में कांस्य पदक के लिए खेली। जहां उसका सामना हरियाणा की खिलाड़ी से हुआ। जिसमें उसने कांस्य पदक प्राप्त किया। जूडोका खुशी चुटैल की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरूण द्विवेदी, महासचिव शंभू सोनी, राष्ट्रीय रेफरी पी किशोर, शेख शरीफ, विजय नाग, बिलासपुर जिला जूडो संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र शुक्ला, जूडो संघ ने अपनी शुभकामनाएं दी।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा के लिए बैठक आज

**बिलासपुर।** बिलासपुर में बेसबाल की 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 2 जनवरी से 5 जनवरी तक किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 17 वर्ष के बालक-बालिकाओं के लिए होगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए संभागायुक्त केडी कुंजाम की अध्यक्षता में 22 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे संभागायुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक होगी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आज

**बिलासपुर।** शुक्रवार 22 दिसंबर को कन्या शाला स्कूल नूतन चौक सरकंडा में दोपहर 1.30 बजे से शाम 5 बजे तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शिविर आयोजित किया जा रहा है। पार्षद श्याम साहू ने बताया कि इसके अंतर्गत स्वनिधि लोन का 10,000 तक का फार्म भरवाया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में बीपी, शुगर, ब्लड की जांच की जाएगी। स्वास्थ्य से संबंधित सभी प्रकार की दवाइयां वितरित की जाएगी। आयुष्मान कार्ड नया बनाया जाएगा एवं आयुष्मान कार्ड में आधार कार्ड अपडेट किया जाएगा। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन के फार्म भरवाए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत फार्म भराने, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 24 को

**बिलासपुर।** गायत्री शक्ति पीठ एवं हरदेव लाल भगवती मंदिर के सौजन्य से 24 दिसंबर रविवार को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक हर देव लाल मां भगवती मंदिर प्रांगण गोल बाजार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। इसमें डा. शुभाषीष महतो, डा. आलोक सुल्तानिया, डा. विवेक गहलोत, डा. गीता साहू, डा. विकास अग्रहरि, डा. प्रियंका नेताम अपनी सेवाएं देंगे।

### जय वंदे मातरम संगठन परिवार की बैठक 24 को

**बिलासपुर।** जय वंदे मातरम संगठन परिवार बिलासपुर की एक आवश्यक बैठक सिटी कोतवाली स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में रविवार 24 दिसंबर को आयोजित की गई है। इसमें 21 जनवरी वर्ष 24 रविवार को निकाली जाने वाली शोभायात्रा को लेकर चर्चा की जाएगी।

### गुम 20 बालिकाओं को पुलिस ने किया बरामद

**बिलासपुर।** एक माह में मस्तूरी पुलिस ने अलग अलग राज्यों में पतासाजी कर गुम हुई 20 बालिकाओं को खोजकर परिजनों को सौंप दिया है।



एसपी संतोष कुमार सिंह ने थानेदारों को अभियान चलाकर लापता हुए बालक, बालिकाओं को खोजने का आदेश दिया गया था। मस्तूरी टीआई रविन्द्र अनंत के निर्देश पर साइबर सेल से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित करने के बाद पुलिस टीम ने एक माह के भीतर चंडीगढ़, पुणे, तेलंगाना, जांजगीर व मस्तूरी क्षेत्र में दबिश देकर 20 बालिकाओं को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। दो मामले में नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाकर शारारिक संबंध बनाने पर दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं अन्य गुम बालक, बालिकाओं की तलाश में पुलिस की टीम लगी हुई है।

# प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी शुरू, 1 दिन में 6 लाख क्विंटल आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासन ने अब प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का निर्देश दे दिया है। धान खरीदी के सॉफ्टवेयर को भी इसके अनुरूप अपडेट कर दिया गया है। इसमें पूर्व में धान बेच चुके किसान भी पात्र होंगे। जिन किसानों ने अपना धान 20 क्विंटल प्रति एकड़ बेचा है अब प्रति एकड़ 1-1 क्विंटल धान और ला कर समितियों में बेच सकते हैं।

- जिले के 140 केंद्रों में प्रतिदिन 3400 से अधिक टोकन कट रहे

इधर शासन के निर्देश के बाद अब धान खरीदी केंद्रों में आवक भी बढ़ गई है। बिलासपुर जिले के 140 खरीदी केंद्र में किसानों को प्रतिदिन 3400 से अधिक टोकन काटा जा रहा है। इसके माध्यम से हर दिन औसतन 6 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो रही है।

मौसम साफ होने के बाद इन दिनों किसान भी खेत में कटाई और मिजाई के काम में जुटे हुए है। हालत ये है कि टोकन के लिए भी अब मारामारी शुरू हो गई है। किसानों को टोकन कटाने के लिए भी दो से तीन दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। इधर खरीदी केंद्र में बंपर आवक के बाद अब धीमी गति से उठाव होने के कारण केंद्रों में धान जाम होने लगी है। जिसके कारण केंद्र में धान रखने के लिए भी जगह की कमी पड़ने लगी है।



**अब तक 36422 किसान बेच चुके धान:** बिलासपुर जिले में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 1 लाख 33 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है। अब तक जिले के 36 हजार 422 किसानों ने विभिन्न समितियों में 1 लाख 67 हजार 225 मीट्रिक टन धान बेच चूके है। इसमें से 1 लाख 10 हजार 983 मीट्रिक टन धान का ही उठाव हो पया है। अभी भी समितियों में 57 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी केंद्रों में जाम है। जिसके कारण अब धान बेचने आने वाले किसानों परेशानी हो रही है।

### किसानों को दो साल का बोनस 25 दिसम्बर को

राज्य शासन द्वारा 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के अवसर पर खरीफ वर्ष 2014-15 और 2015-16 के बोनस का वितरण किया जाएगा। बिलासपुर के किसानों को 213 करोड़ 18 लाख 58 हजार रूपए बोनस का भुगतान किया जाएगा। साथ ही किसानों को प्रमाण पत्र भी वितरण किए जाएगा। वर्ष 2014-15 के 68 हजार 354 किसानों को 108 करोड़ 20 लाख 15 हजार और वर्ष 2015-16 के लिए 66 हजार 383 किसानों को 104 करोड़ 98 लाख 43 हजार रूपए का भुगतान किया जाएगा। किसानों को बोनस राशि 300 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से दिया जाएगा। इसके लिए मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से बैठक लेकर कलेक्टरों तैयारी पूरा करने का निर्देश दिया है।

### साफ्टवेयर हो चुका है अपडेट

खरीदी केंद्रों में धान की आवक पड़ गई है। मिलर्स को डीओ काटा जा रहा है। वर्तमान में उठाव 70 प्रतिशत हो चुकी है। 30 प्रतिशत धान अभी केंद्र में ही है। प्रति एकड़ किसानों से 21 क्विंटल धान की खरीदी हो रही है। मुख्यालय स्तर पर ही साफ्टवेयर में इसे अपडेट किया जा चुका है। शासन के निर्देश अनुसार ही खरीदी की जा रही है।

-एसके गुप्ता, जिला विपणन अधिकारी बिलासपुर।

## बायोमैट्रिक लिंकिंग को 500 में सिलेंडर योजना समझकर उमड़ रही भीड़

# ई-केवाइसी: महिलाएं 5 से 6 घंटे लगा रहीं कतार 150-200 रुपए लेकर कर्मचारी थमा रहे पाइप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घरेलू गैस सिलेंडर में मिलने वाली सब्सिडी के लिए केन्द्र सरकार ने 31 दिसंबर तक उपभोक्ताओं को ई-केवाइसी पूरी करने आदेश जारी किया है। इसे प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने और चुनावी घोषणा पत्र के अनुसार 500 रुपए में महिलाओं को गैस सिलेंडर मिलने की योजना मान महिलाएं स्वयं एजेंसियों में लाइन लग कर ई-केवाईसी जमा करने जुट गई हैं।

- नए कनेक्शन के लिए भी जद्दोजहद

गैस एजेसियों के सामने महिलाएं 5 से 6 घंटे तक लाइन लगाकर खड़े खड़े हो रही हैं। इधर फ्री में होने वाले ई-केवाईसी के बाद भी कुछ गैस एजेंसी के कर्मचारी 150-200 रूपए लेकर के रेगुलेटर का पाइप थमाकर बेजा कमाई भी कर रहे हैं। जूना बिलासपुर के शारदा गैस एजेंसी में लाईन लगाकर ई-केवाईसी के लिए खड़ी अंजली कौशिक ने बताया कि आसपास के लोगों से जानकारी मिली है कि गैस एजेसी में जाकर पंजीयन कराया है। नहीं तो 500 रूपए में गैस नहीं मिलेगा। इसलिए मोहल्ले के महिलाओं के साथ यहां आई हूं। इसी तरह लाफागढ़ गैस एजेंसी, कमला गैस एजेसी में केवाईसी करानी पहुंची महिलाओं ने भी सस्ता लेने के लिए केवाईसी कराने आने की बात कही।



सुबह 8 बजे से गैस एजेंसी में लगाई जा रही है लाइन।



घंटों लाइन में खड़े होने के बाद थक हारकर जमीन में बैठ गईं महिलाएं।

### अंतिम तिथि 31 दिसंबर

घरेलू गैस सिलेंडर कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के लिए केंद्र सरकार की ओर से 31 दिसंबर 2023 तक ईकेवाइसी पूरी करने का फरमान जारी किया गया है। ई-केवाईसी के लिए जरूरी दस्तावेज गैस सिलेंडर एजेंसियों में जमा किया जाना है। यह आदेश 25 नवंबर को जारी हुआ था। हाल ही में विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में गरीब परिवारों की महिलाओं को घरेलू गैस सिलेंडर कनेक्शन उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। जिसके बाद से ही शहर सहित पूरे प्रदेश के गैस एजेसियों में ई-केवाईसी के लिए भीड़ उमड़ पड़ी है।

### पेट्रोलियम कंपनी दे रही है ऑनलाइन सुविधा

बताया जा रहा है कि गैस की कवाईसी की सुविधा पेट्रोलियम कंपनी द्वारा ऑनलाइन भी दी जा रही है, लेकिन यह सुविधा केवल एक्का-दुक्का कंपनियां ही दे रही है ऐसे में लोगों के द्वारा च्वाइंस सेंटरों में जाकर इस बारे में पूछताछ की जाती है, लेकिन कंपनी का लिंक पर्याप्त तरीके से काम नहीं कर रही है, जिसके चलते लोगों को असुविधा उठानी पड़ रही है। इस दौरान आधार के अपडेट नहीं होने के कारण ई-केवाइसी कराने वालों को आधार सेंटरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

### नए कनेक्शन के लिए भी जद्दोजहद

ई-केवाईसी कराने वाली महिलाओं के साथ नए घरेलू कनेक्शन के लिए भी लगातार लोग गैस एजेंसियों में पहुंच रहे हैं। शनिवार को भी नए कनेक्शन के लिए महिलाओं की लाइन एजेंसियों में लगी रही, लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण कई बार काम अटकते रहा। महिलाएं एजेंसियों की खिड़की के बाहर खड़ी रहीं और सर्वर आने का इंतजार करती रहीं।

### 5 साल पुराने कनेक्शन पर ले रहे रुपए

केंद्र सरकार की ओर से सभी गैस सिलेंडर धारकों की सब्सिडी निर्धारित करने के उद्देश्य से ई-केवाइसी अपडेट कराने निर्देश जारी किया गया है। इसे 31 दिसंबर तक पूरा करना जरूरी है। घोषणा पत्र में शामिल 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने के संबंध में अभी किसी प्रकार के आदेश नहीं मिले हैं। कुछ जगहों पर 150-200 लेने की भी शिकायत मिली थी। जांच के बाद पता चला कि सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर ऐसा किया जा रहा है। जिन ग्राहकों का कनेक्शन 5 साल पुराना है तो उन्हे नया पाईप दिया जा रहा है। इसके बदले बिल भी दिया जा रहा है।

- **रोहित कुजूर,** मैनेजर एलपीजी बिलासपुर एरिया

## प्लाट पर सीसी रोड, नाली उखाड़ी

# शताब्दी नगर में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम का अतिक्रमण शाखा व भवन शाखा का अमला अवैध प्लाटिंग के मामले में गुरूवार को भी कार्रवाई जारी रखी। दूसरे दिन सोनगंगा कालोनी के पीछे शताब्दी नगर में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए प्लाट में बनाए गए सीसी रोड, कच्ची सड़क सहित नाली को जेसीबी मशीन के मदद से उखाड़ दिया गया है।

- अवैध प्लाटिंग वालों में मचा हड़कंप

नगर निगम द्वारा अवैध प्लाटिंग के मामले में लगातार दो दिनों से कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम की टीम आज सोनगंगा कालोनी के पीछे शताब्दी नगर में अवैध प्लाट पर कार्रवाई की है। यहां पर चांटीडीह क्षेत्र के खसरा नंबर 124 में प्लाटिंग की जा रही थी। यहां पर सदानंद पटेल नामक व्यक्ति की निजी जमीन में करीब डेढ़ एकड़ जमीन पर प्लाटिंग की जा रही थी। प्लाटिंग करने वाला कोई संदीप सिंह नामक व्यक्ति बताया जा रहा है, जिसके द्वारा उक्त प्लाट पर आधे में सीसी रोड और आधे में कच्ची सड़क बनवाई गई थी। इसके अलावा कुछ दूरी तक नाली का निर्माण भी करा लिया गया था। प्लाटिंग करने में नियमों का पालन नहीं किया गया था। इसलिए आज निगम के भवन शाखा अधिकारी सुरेश शर्मा, अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा दल, बल के साथ शताब्दी नगर पहुंचे और जेसीबी मशीन की मदद से अवैध प्लाट पर सीसी रोड, कच्ची सड़क और नाली को उखाड़ दिया गया।

एक दिन पहले ही निगम की टीम द्वारा अशोकनगर के पीछे बिरकोना नहर के पास और खमतराई रोड पर दो जगहों पर अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलवाया गया था।

### बृहस्पति बाजार में जब्ती की कार्रवाई

निगम के अतिक्रमण शाखा की टीम द्वारा आज बृहस्पतिबाजार में पार्किंग स्थल पर सब्जी दुकान लगाने वालों पर भी कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई के दौरान कई दुकान वालों की सब्जी जब्त की गई है। बृहस्पतिबाजार में बाहर जहां पर वाहन पार्किंग की जगह पर वहां पर कई सब्जी वाले जमीन पर अपनी सब्जी की दुकान लेते हैं। इससे बृहस्पतिबाजार में ट्रैफिक की बहुत समस्या होती है और लोग परेशान होते हैं। निगम अतिक्रमण शाखा टीम द्वारा मंगला चौक, छत्तीस मॉल के आसपास ठेले वालों पर भी कार्रवाई की गई है और लोगों के ठेले जब्त कर लिए गए हैं, जिससे वे ठेले वाले आज निगम कार्यालय के चक्कर काटते रहे।



कार्रवाई के दौरान नगर निगम का अतिक्रमण अमला।

### की गई है कार्रवाई

सोनगंगा कालोनी के पीछे वाले एरिया में आज कार्रवाई की गई है। वहां पर खसरा नंबर 124 वाली जमीन पर भूमि स्वामी सहित एक अन्य व्यक्ति द्वारा मिलकर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। प्लाट में आधी सीसी रोड और नाली भी बना ली गई थी, जिसे आज जेसीबी मशीन से उखाड़ दिया गया है।

-**सुरेश शर्मा,** भवन अधिकारी नगर निगम

## आरोपी के पकड़ने जाने के बाद ठगी की लिखी गई रिपोर्ट

**बिलासपुर।** महिलाओं से जेवर ठगी करने वाले गिरोह के पकड़े जाने पर 15 दिन बाद एक महिला से सवा लाख के जेवर ठगी की एफआईआर लिखी गई है। सरेराह ठगी जैसे मामले में लिखित शिकायत लेकर थाने से चलता कर दिया जा रहा है। लोगों को एफआईआर लिखाने के लिए थाने का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला शुभम विहार निवासी शशि पाण्डेय पति स्व. शिव कुमार पाण्डेय 6 दिसंबर को दोपहर 1 बजे मंगला चौक के पास गोल्ड गिरवी की किश्त पटाकर घर लौट रही थीं। स्टेट बैंक के पास उन्हें दो लड़के मिले छोटा लड़का उन्हें बोला 3 दिन से खाना नहीं खाया है अपने गांव जाना है। उन्होंने लड़के को 100 रुपए दे दी, फिर उसने बोला उसे बिहार जाना है। श्रीमती पाण्डेय ने बोली इतने पैसे में बिहार नहीं जा पाएगा थाने चले जा वहां से चले जाना। इतने वह लड़का एक बंडल खोजकर दिखाया और उनके हाथ में छुवाया। उसके बाद उनका मस्तिष्क शून्य हो गया और कुछ समझ नहीं आ रहा था। उसी समय एक 30 साल का लड़का आया उसके कहने पर उन्होंने 1 लाख 22 हजार की सोने की अंगूठी, कंगन निकालकर उसे दे दिया। उसके बाद दोनों लड़के भाग गए। श्रीमती पाण्डेय घटना की रिपोर्ट लिखाने थाने गईं तो पुलिस उनसे लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया गया था। आरोपियों के हिरासत में आने के बाद 21 दिसंबर को श्रीमती पाण्डेय को थाने में बुलाकर उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात दो लड़कों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

### तबियत खराब होने से हुई देरी

घटना दिन पीड़िता के द्वारा घटना की जानकारी दी गई थी। उसके बाद उनकी तबियत खराब हो गई थी। स्वास्थ्य ठीक होने पर वे 21 दिसंबर को रिपोर्ट लिखाने थाने आईं। उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

-**प्रदीप आर्या,** सिविल लाइन टीआई

## बयाना लेने के बाद मकान दूसरे को बेचा

**बिलासपुर।** 3 लाख रुपए बयाना लेने के बाद दूसरे को मकान बेच देने वाले दंपती के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

तोरवा टीआई कमला पुसाम ठाकुर ने बताया, जेपी रेसीडेंसी निवासी संजय अग्रवाल पिता राजेन्द्र अग्रवाल 50 साल ने धान मंडी निवासी गीता वाधवानी, उसके पति संतोष वाधवानी से मकान खरीदने के लिए 25 लाख रुपए में सौदा तय किया गया था। उन्होंने एग्रीमेंट कराने के बाद दंपती को चेक के माध्यम से 3 लाख रुपए बयाना दिया। दंपती ने उक्त मकान में ताला लगाकर उन्हें चाबी सौंप दिया था। तीन माह बाद मकान की रजिस्ट्री व शेष रकम देने कहा गया था। एग्रीमेंट की तय सीमा में पति पत्नी ने ताला तोड़कर दूसरे को मकान बेच दिया है। तीन माह बाद श्री अग्रवाल ने दंपती को रजिस्ट्री कराने कहा तो वे घुमाने लगे। पतासाजी करने पर जानकारी मिली कि दंपती ने उक्त मकान को दूसरे को बेच दिया है।

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग सहित दो की मौत

**बिलासपुर।** अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में बुजुर्ग सहित दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। मोपका पुलिस सहायता केंद्र के एएसआई नरेश गर्ग ने बताया, मोपका गुलाब नगर निवासी अशोक कुमार गुप्ता 63 साल ने शादी नहीं की थी। वे अपने भाई राजेश गुप्ता की किराना दुकान में बैठते थे। बुधवार की शाम 6 बजे वे टहलने के लिए निकले थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी उनके घर नहीं लौटने पर उनका भतीजा खोजने के लिए निकला, इसी दौरान लगरा पुल के पास सड़क किनारे वे खून से लथपथ मिले। परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। अज्ञात वाहन के द्वारा उन्हें टक्कर मारने की आशंका जताई जा रही है।

दूसरी घटना में तोरवा थाना के प्रधान आरक्षक प्रमोद कसेर ने बताया, पचेपड़ी निवासी संजय मधुकर पिता बिरहुल मधुकर 35 साल बुधवार को किराना दुकान सामान लेने जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। परिजन के द्वारा उन्हें गंभीर अवस्था में इलाज के लिए तोरवा क्षेत्र के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। गुरूवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। तोरवा पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स (वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड) रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे - विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर स्पेशल ट्रेन 04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, कलकत्ता
राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि : स्लीपर 7,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007 श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7247-411411

## खबर संक्षेप

### जब अन्याय बढ़ता है तब प्रभु लेते हैं अवतार:अयोध्या



**तखतपुर।** नगर के ब्लॉक कालोनी निवासी नारायण सिंह ठाकुर के घर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पांचवे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। पूरा कथा परिसर भगवान श्री कृष्ण के जयकारों तथा नंद के आनन्द भयो, जय कन्हैयालाल की जय से गूंजायमान हो उठा। कथा व्यास अयोध्या प्रसाद तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। इस दौरान प्रदीप कौशिक, मनोहर सिंह, राजकुमारी शर्मा, श्यामा रामानंदी, गोरेसिंह ठाकुर, जितेंद्र, कामेश्वर सिंह, दुर्गा, दिलीप सिंह, अयोध्या सिंह, दाऊ सिंह, शंकर निर्मलकर, लता ठाकुर, ललिता, कांति, लक्ष्मीन ठाकुर, संगीता ठाकुर, रमा, उर्वशी, नूरीता कौशिक आदि मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत नेवसा में मितानिनों का किया गया सम्मान



**बेलतरा।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवसा के सरपंच भरत लाल कश्यप ने ग्राम पंचायत के समस्त प्रशिक्षक एवं मितानिनों का सम्मान किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत नेवसा के सचिव अजय डोगरे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अमिता नामदेव, कुसुम साहू, दुखन बाई, सावित्री सूर्यवंशी सहायिका, उपसरपंच रमा देवी, पंच प्रहलाद यादव, सुनील कोरी, कमला देवी साहू, शशि कश्यप, सुरिता धीवर, सुनीता कश्यप, पंचकुवंर कैवर्त, रुखमणी सूर्यवंशी, शिवकुमारी आदि उपस्थित थी। इस अवसर पर विजय साहू ने कहा कि मितानिनों का कार्य क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। उनके द्वारा बच्चों को टीका लगाने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है।

### शहर के युवा ने दिखाया न्यूयार्क में जलवा

**लोरमी।** नगर के साधारण परिवार के युवा ने न्यूयार्क फ़िल्म फेस्टिवल में एनिमेशन के लिए बेस्ट एडिटिंग का खिताब अपने नाम किया।



नगर के वेल्डिंग वर्क प्रतिष्ठान के इंद्रजीत छाबड़ा के पुत्र यश छाबड़ा विगत पन्द्रह वर्षों से वीएफएक्स एनिमेशन तथा डायरेक्शन से जुड़े हुए हैं। इन्होंने पिछले कुछ वर्षों में अपने कार्यक्षेत्र में सफलता के कई मुकाम हासिल किए। इनके प्रोडक्शन हाउस दी शोमैन स्टूडियो में इन्होंने आईडील फ्रैंडशिप, हॉर्सेस स्टेबल जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट्स किए, जिनका निर्देशन, इनके द्वारा गोवा, दुबई व अन्य स्थानों मे किया गया। पिछले दिनों अमेरिका के न्यूयॉर्क फ़िल्मि फेस्टिवल में अमेरिकी फिल्म एक्सेप्शनल बिइंग्स फीचर फिल्म के लिए न्यूयॉर्क फिल्म फेस्टिवल में इन्होंने बेस्ट एडीटर का खिताब भी हासिल किया है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर लोरमी में हुई और फिर अपने पिता और परिवार के सहयोग से वह देश के दिल्ली और अन्य जगह पर अपनी पढ़ाई की। वीएफएक्स से संबंधित शिक्षा हेतु रायपुर व दिल्ली में अध्ययन किया। इन्होंने एनटीआर प्रोडक्शन हैदराबाद में बतौर वीएफएक्स टेक्निकल डायरेक्टर के रूप भी कार्य किया है।

### आत्मानंद स्कूल मरवाही में बैठक लिए गए आवश्यक निर्णय



**मरवाही।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम विद्यालय में गुरुवार को शाला विकास एवं प्रबंधन समिति की बैठक हुई। इसमें उपस्थित समिति सदस्यों अभिभावकों को संबोधित करते हुए संस्था प्रधान स्नेहलता शुक्ला ने कहा कि शाला के विकास में सभी सदस्यों अभिभावकों का सहयोग जरूरी है। सभी के सहयोग के बिना शाला में विकास होना सम्भव नहीं है। छात्राओं के लिए शौचालय बनवाने, विद्यालय प्रांगण को समतल करवाने, ट्यूबवैल चालू करवाने, पेड़ पौधों की सुरक्षा के लिए टी गार्ड लगवाने की उच्चाधिकारियों से मांग करने का प्रस्ताव लिया। बैठक में शिक्षा का स्तर सुधारने पर भी जोर दिया गया। विद्यालय के प्रधानपाठक विभा कुमारी ने विद्यालय के शैक्षणिक विकास से समिती को अवगत करवाया। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता सुरेश बोरकर ने किया। इस बैठक मे शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरिश राय, सदस्य राकेश मसीह, नारायण शर्मा, मती प्रियदर्शनी नहरेल, सु उमा पाव, सहराम वाकरे, कुंजबिहारी शुक्ला, राजकुमार अभिभावक रमेश नहरेल, एवंम पैकरा, मौजूद थे।

## नई सरकार आने से लोगों में बंधी आस

# मल्हार महोत्सव नहीं होने से क्षेत्र में मायूसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

लोक कला, लोक संस्कृति के सबसे पुराने मंच ?मल्हार महोत्सव? के नही होने से क्षेत्रवासियों में मायूसी छा गई है। अब छत्तीसगढ़ की नई भाजपा सरकार से उम्मीद है कि लोक परम्परा को ध्यान में रखते हुए जल्द ही यह आयोजन पुनः शुरू होगी। लोककला, लोक संस्कृति, एकता और सामाजिक समरसता की भावना को बलवती बनाने के लिए लोक गीत, लोक संगीत, लोक नृत्य को परिष्कृत तथा आमजन को छत्तीसगढ़ी गीत संगीत से जोड़ने के लिए त्रिदिवसीय लोकोत्सव तत्कालीन मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मल्हार में मल्हार महोत्सव 1986 में प्रारम्भ किया था। कुछ अवरोध व राजनीतिक लोगो की उदासीनता के कारण यह परंपरा कुछ वर्षों से बंद है।

पिछले वर्ष 7 जून 2022 को मां डिडनेश्वरी देवी के 32 वे पुनर्स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तात्कालीन छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव शामिल हुए थे, जिसमे उन्होंने नगरवासियों व जनप्रतिनिधियों की मांग भव्य तरीके से बढ़े हुए बजट के साथ मल्हार महोत्सव का आयोजन करने की बात कही थी। अब नई सरकार से लोगो की उम्मीद बंध गई है। बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुवात मल्हार से हुई थी, तब के अविभाजित मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने मल्हार में मल्हार महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की थी। मल्हार के वरिष्ठ कांग्रेस नेता डा. शंकर प्रसाद चौबे जिनकी सक्रियता से महोत्सव का भव्य कार्यक्रम पातालेश्वर मंदिर प्रांगण में हुआ था। तब से यह महोत्सव की परंपरा प्रतिवर्ष होने लगा परन्तु पिछले 5-7 वर्षों से आयोजन कर्ताओ की उदासीनता के चलते नही हो पा रहा जिससे लोक संगीत प्रेमियों और लोक कलाकारों में मायूसी है।



### दिखती थी छत्तीसगढ़ी परंपरा की झलक

महोत्सव के कई वर्षों तक उदघोषक रहे शेषनारायण गुप्ता ने बताया कि शुरुआती दौर के मल्हार महोत्सव की छटा ही कुछ और ही थी, जिसमें छत्तीसगढ़ के चुनिंदा गायक व कलाकर अपनी प्रस्तुति देते थे। उस समय के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक झलक दिखती थी, जिसमे कलाकर दिल खोलकर प्रस्तुति देते थे। वरिष्ठ नागरिक ओमप्रकाश पांडेय कहते है कि अविभाजित मध्यप्रदेश में खुजराहो के बाद मल्हार में महोत्सव की शुरुआत हुई जिसकी चर्चा पूरे प्रदेश में होती थी। उन्होंने कहा कि अब पुनः उसी अंदाज में महोत्सव होना चाहिए। लोकहित सांस्कृतिक सेवा समिति मल्हार के अध्यक्ष हेमंत तिवारी का कहना है कि राजनीतिक वजहों से पिछले कई वर्षों से महोत्सव नहीं हो पाया पर अब हमारी समिति जल्द ही सम्बंधित विभाग को पत्र व्यवहार कर महोत्सव के लिए बजट स्वीकृत कराने प्रयास करेगी। उम्मीद है बड़ी बजट के साथ भव्य रूप से आयोजन होगा।

### इन कलाकारों ने दी प्रस्तुति

मल्हार महोत्सव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कलाकार दुर्ग के बैतल राम साहू जो लोकगीत, ददरिया सहित अनेक विधाओं में पारंगत थे। इसी तरह चंदैनी गोंदा पार्टी के नाम से प्रसिद्ध दाऊ सिंग चन्द्राकर के लोकनाट्य की उस समय बड़ी ख्याति थी। पंडवानी गायिका तीजनबाई व ऋतु वर्मा ने यहां प्रस्तुति दी है। देवार गीत के लिए रेखा देवार को अब भी लोग याद करते है। राजनांदगांव के पीसी लाल यादव, बिलासपुर जिले के प्रसिद्ध लोक गायक शिवकुमार तिवारी, लालजी श्रीवास, अल्का चन्द्राकर, सुरुज बाई खांडे ने भी कार्यक्रम दी है। इसके अलावा सीमा कौशिक, नीलकमल वैष्णव, लक्ष्मण मस्तूरिहा, बद्री सिंह कटेलिहा, दलीप लहरिया, बालमुकुंद पटेल सहित स्थानीय कलाकारों ने मल्हार महोत्सव में धूम मचाई है। बस्तर के गेड़ी नृत्य, रायगढ़ के कर्मा नृत्य, संगीत सरिता बालको, केदार यादव दुर्ग के नवा बिहान, गंडई पंडरिया का दूध मोंगरा, उस्ताद इस्माइल दददू खान भोपाल का तबला, मिस्टर मोरिस फ्रांसीसी कलाकर लोक गीत, मोर मयारू माटी मस्तूरी, मोर नंगरिहा किसान लोहरसी, पंथी नाच पेंड्री, ने भी छत्तीसगढ़ी संस्कृति को अपने कला के माध्यम से जागृत करने लगे थे इन कलाकारों को एक बार फिर से देखने व सुनने क्षेत्र के लोग आतुर है।



## नहर का पुल टूटने से स्कूल जाने का रास्ता बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

तेलियापुरान के मिडिल स्कूल पहुंच मार्ग नहर में बना पुल टूटकर जर्जर होने के कारण आवागन बाधित हो गया है। रोजाना सैकड़ो बच्चों के अलावा रहवासियों को वहां से गुजरना पड़ता है, परंतु पुल टूटने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ स्कूली बच्चों सहित ग्रामवासी करते है आवागमन

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में वहां से पैदल पार नहीं कर सकते। इतना ही नहीं अनेक वाहन पलटकर नहर में भी गिरने के अलावा स्कूली बच्चे गिरकर घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद किसी का ध्यान इस ओर नहीं जाता। ग्रामीणों के अनुसार खेती किसानी कार्य के लिए बैल गाड़ी, ट्रैक्टर आदि वाहन ले जाकर धान को खेत से लाना पड़ता है। भयावह स्थिति देखकर वहां से पार होना खतरे से खाली नहीं है। सरपंच प्रतिनिधि भानु कश्यप ने बताया कि मीडिल स्कूल जाने वाले बच्चो को काफी परेशानियां हो रही थी, जिसकी जानकारी नहर विभाग को दी गई। विभाग ने पुल बनवाने मटेरियल गिराया था, लेकिन ठेकेदार को ऐसा क्या हुआ जो सभी मटेरियल को उठाकर ले गयाञ तब से अब तक जस का तस पुल टूटा हुआ है। इसकी जानकारी नहर विभाग को कई बार देने के बावजूद अब तक कोई पहल नहीं की गई है।

## विधायक धरमलाल का किया गया अभिनन्दन



**पथरिया।** क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक ग्राम भरेवा में लगातार जीत की ख़ुशी में अपने अभिनंदन कार्यक्रम एवं पूर्व सरपंच रामू वर्मा सिंगरौल के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल हुए। अभिनंदन कार्यक्रम में लोगो ने श्री कौशिक का स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम में भारती सिंगरौल पूर्व जनपद सदस्य, खिलेश्वर सिंगरौल सरपंच, हरिशंकर वर्मा मंडल अध्यक्ष, रिंकू ठाकुर जनपद अध्यक्ष, बलराम जायसवाल, रविंद्र बघेल. गणेश सोनी. रघु कर्माकर. रघु वैष्णव, मनीष यादव. घनश्याम पांडेय, गौतम डड़सेना, योगेश साहू, मुरित सिंगरौल, दूजराम सिंगरौल, लक्ष्मी सींगरौल, खेलन सिंगरौल, नीलकंठ, अशोक हीरासिंह, चिंता सिंगरौल, संजय लहरे पंच, दिनेश चेलकर पंच, संतोष बघेल पंच, राजकुमार मनहरण शीतल सिंगरौल, रमेश राजपूत देवरी, काशी साहू सरपंच पौसरी, जोगी साहू आदि मौजूद थे।

## तनाव से बचाने के लिए खेल जरूरी: अक्षय

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

खेल हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है दिमाग और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल की महत्वपूर्ण भूमिका है विद्यार्थी जीवन में शिक्षा जरूरी है परंतु शिक्षा के साथ खेल भी उतना ही आवश्यक है क्योंकि खेल बच्चों को तनाव से बचाते हैं। उक्त बातें नव चेतना चातन केरला स्कूल कोटमी कला में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सकोला के प्राचार्य अक्षय नामदेव ने मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अब अच्छे खिलाड़ी आगे चलकर खेलों में भी अपना कैरियर बना रहे हैं। विद्यालय में ही गांव की लड़कियां जिमनास्टिक जैसे तकनीकी से भरे खेल में राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम कमा रही हैं। आज के दौर में जब बच्चों पर पढ़ाई का दबाव अत्यधिक है, ऐसे में बच्चों को तनाव से बचने के लिए विद्यालयों को आवश्यक रूप से खेलकूद की गतिविधि आयोजित करते रहना चाहिए। खेल में हार जीत का महत्व नहीं होता। खेल खेलने से भाईचारे की भावना सहयोग एवं समरसता का भाव विकसित होता है। नवचेतना चातन केरला स्कूल की संचालक गीता शुक्ला ने भी खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व मुख्य अतिथि एवं अन्य आमंत्रित अतिथि का अक्षय नामदेव, विशिष्ट अतिथि चंद्रकांत सलाम एवं व्याख्याता गोवर्धन यादव तथा संचालक श्रीमती गीता शुक्ला स्वागत विद्यालय के प्राचार्य अगस्टिन सहित स्टाफ के सदस्यों ने किया। इस अवसर पर खिलाड़ी छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य अगस्टिन ने दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता की प्रस्तावना की जानकारी प्रस्तुत की। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अक्षय नामदेव ने जूनियर वर्ग के छात्रों की 100 मीटर दौड़ विसिल बजाकर की। इस अवसर पर चातन केरला स्कूल के समस्त स्टाफ एवं पालकों ने उपस्थित रहकर खिलाड़ी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।



## ग्रापं सचिव संघ के ब्लाक अध्यक्ष बने संतोष



**पथरिया।** जनपद पंचायत सभाकक्ष में गुरुवार को जनपद क्षेत्र के 90 पंचायत सचिवों की आयोजित बैठक में नवीन ब्लाक अध्यक्ष और कार्यकारणी का गठन किया गया। बैठक में ग्राम हथनीकला के सचिव संतोष साहू को ग्राम पंचायत सचिव संघ अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया। इस दौरान सरगांव परिक्षेत्र से उपाध्यक्ष राकेश क्षत्रीय, पथरिया क्षेत्र से कुंजराम वर्मा, सचिव नागेंद्र सिंगरौल, सहसचिव उद्धव साहू, रमेश कुमार लहरे, कोषाध्यक्ष ईश्वर पाठक, सहकोषाध्यक्ष गणपत साहू, संगठन सचिव रघुवर राजपूत, हीरादेवी महिलांगे, संतोषी ठाकुर, मीडिया प्रभारी गोपीचंद मनहर, रामफल ध्रुव, संरक्षक के रूप में व्यास लहरे, लालजी ठाकुर , भुनेश्वर जायसवाल, ओमप्रकाश राजपूत को चयनित किया गया। सचिव संघ के नवनियुक्त कार्यकरणी ने जनपद सीईओ प्रदीप प्रधान से मुलाकात की।

## भाजपा ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला



लोकसभा संसद सत्र के दौरान विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमक्री किए जाने और कांग्रेसी सांसद राहुल गांधी द्वारा मिमक्री का वीडियो बनाने से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को स्थानीय संजय चौक में राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

पुतला दहन के पूर्व उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंग राठौर, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलाल सिंग राठौर, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश दुबे, पवन पैकरा, आशीष गुप्ता, प्रखर तिवारी, रमेश पाटकर ने कहा की लोकसभा सत्र के दौरान लगातार हंगामा कर तख्तियां दिखाकर नारेबाजी कर सदन की अवमानना कर रहे लगभग 150 सांसदों को शीतकालीन सत्र के दौरान सस्पेंड किया गया था। इस सत्र के दौरान टीएमसी सांसद कल्याण बैनर्जी ने उपराष्ट्रपति की नकल उतारते हुए मिमिक्री की और इस मिमिक्री का कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वीडियो शूट किया है, जो उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति की गरिमा के विपरीत आचरण है और सदन की अवमानना है। भाजपा सहित एनडीए ने उपराष्ट्रपति की मिमक्री करने और उसे वीडियो शूट कर रिकार्ड करने का विरोध करते हुए राहुल गांधी का आज पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया है।

सभा का संचालन जिला महामंत्री राकेश चतुर्वेदी एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री लालजी यादव ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता कल्लूसिंह राजपूत, कुबेरसिंह सर्राटी, दिलीप यादव, द्वारिका प्रसाद सोनी, बालकृष्ण अग्रवाल, संतोष तिवारी, तापस शर्मा, डॉ.प्रवीण राय, रमेश तिवारी, डॉ.लुशनसिंग राठौर, शंकर चक्रधारी, शिव शर्मा, राजकुमार पुरी, शरद गुप्ता, रामप्रकाश सिंग, छेदी केशरवानी, गोविंद केशरवानी, भँवरसिंग गोवाश, गोलू राठौर, हुकुम यादव, कुबेर तिवारी, दीपक शर्मा, रानू नामदेव, रमा राठौर, उमा कोशले, देवीसिंह, विष्णु चौरसिया, प्रखर नामदेव, दिलेश्वर सिंह राजपूत, प्रशांत गौतम, सचिन जैन, जितेंद्रसिंग चावला, हेमराज राठौर, नर्मदा गुर्जर, राजू कुशवाहा, राशिद खान, चंद्रमोहन नामदेव, रामबहादुर सिंग, अरुण तिवारी, नीलेश नामदेव, अशोक पेन्द्रों, अमन दुबे, नीतेश, नारद सिंग, नत्थुआ, नारायण राठौर, रामु कश्यप सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कड़ाके की ठंड से बचने जलने लगे अलाव

**तखतपुर।** नगर पालिका क्षेत्र तखतपुर में अलाव जलाने की मांग को लेकर पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने सीएमओ को आवेदन दिया था, जिस पर कार्यवाही करते हुए अलाव की व्यवस्था कर दी गई है। पूरा क्षेत्र इन दिनों कड़ाके की ठंड की चपेट में है। और लोग जरूरी होने पर ही घर से बाहर शाम को निकलते हैं। तखतपुर नगर पालिका क्षेत्र तहसील मुख्यालय होने के कारण हर क्षेत्र से ग्रामीण काम के सिलसिले में सुबह से लेकर शाम तक पहुंचते हैं और कड़ाके के ठंड के कारण बचने के लिए इधर-उधर सहारा ढूंढते हैं। काम के सिलसिले में आए लोग भी ठंड से ठिठुरते रहते हैं,परंतु नगर पालिका क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था नहीं हुई थी और इसके लिए पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने सीएमओ को नगर पालिका क्षेत्र में और अलाव की व्यवस्था करने की मांग की। आवेदन पर कार्रवाई करते हुए नगर पालिका क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था कर दी गई है।



### सर्द हवाओं से बढ़ी ठिठुरन

**लोरमी।** ठंड की सर्द हवाओं से लोग ठिठुरने लगे हैं। उत्तर की सर्द हवाएं और शुष्क वातावरण ने लोगों को कांपने पर मजबूर कर दिया है। हालत यह है कि लोग घरों से बाहर निकलने से पहले गर्म कपड़े लेकर निकल रहे हैं। दिनभर कुनकुनी ठंड और शाम होते ही सर्दी का सितम बढ़ गया है। रात 9बजे के बाद सड़कें सूनी होने लगी हैं। मंगलवार को एक हीं दिन में पारा डिग्री गिरते हुए 10.4 डिग्री पर पहुंच गया था। नगर पंचायत लोरमी के सीएमओ लालजी चंद्राकर द्वारा नगर में ठंड से बचाव करने 50 बिस्तर अस्पताल, फब्बारा चौंक , रामहेपुर एवं पुराना बस स्टैंड सहित नगर के पांच स्थानों में अलाव जलाने की व्यवस्था कराई गई है। लोग शाम होते ही ठंड से बचने अलाव का सहारा ले रहे हैं। ठंड का असर वनांचल क्षेत्र में तेजी से हो रहा है।

### कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित

**मल्हार।** पिछले एक हफ्ते से पड़ रही कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हुआ है। शाम होते ही जगह-जगह अलाव में हांथ सेकते लोगो को देखा जा सकता है। शीतलहर चलने से सुबह से शाम तक की धूप भी महसूस नहीं हो रही है, जिससे बुजुर्ग दिनभर गर्म कपड़े में ही बीता रहे हैं। वही छोटे बच्चो को भी ठंड से बचाने जतन करना पड़ रहा है। सीएमओ किरण पटेल ने बताया कि शासन के आदेश के बाद शीतलहर के कारण नगर के चौक चौराहों में अलाव जलाने नगर पंचायत द्वारा लकड़ी उपलब्ध कराई जा रही है। स्कूल चौक, मेला चौक, गढ़ चौक, इमलीपारा चौक, ठाकुरदेव चौक, मंदिर चौक, बस स्टैंड सहित विभिन्न स्थलों में अलाव की व्यवस्था की गई है जिसमे लोग अपने आपको गर्म कर ठंड से राहत पा रहे हैं। जरूरी काम से घर से निकलने वाले लोग गर्म कपड़े से पूरी तरह ढ़ककर काम पर जा रहे है।

## धुम्माटोला एवं बरौर में लगा शिविर

# भारत संकल्प यात्रा में मिले 199 आवेदन

**भर्रीडांड़।** गौरेला पेंड्रा मरवाही में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गुरुवार को गौरेला जनपद के ग्राम पंचायत पीपरखुंटी एवं बढावनडांड और मरवाही जनपद के ग्राम पंचायत धुम्माटोला एवं बरौर में आयोजित शिविर में कुल 199 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर स्थलों पर विभागीय अधिकारियों ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया और अधिक से अधिक लाभ लेने प्रेरित किया।





प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पीपरखुंटी के शिविर में प्रधानमंत्री आवास के लिए 98, व्यक्तिगत शौचालय के लिए 5 एवं वन अधिकार पट्टा के लिए 1 आवेदन मिले। ग्राम पंचायत बढावनडांड के शिविर में प्रधानमंत्री आवास के लिए 37, व्यक्तिगत शौचालय एवं वन अधिकार पट्टा के लिए एक-एक आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह ग्राम पंचायत बरौर के शिविर में पंचायत विभाग की योजना के लिए 34, विद्युत विभाग की योजना के लिए 6, पशुधन, कृषि, राजस्व एवं श्रम विभाग की योजना के लिए एक-एक आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत धुम्माटोला के शिविर में पंचायत विभाग की योजना के लिए 7, उज्जवला योजना के लिए 3, विद्युत तथा शिक्षा विभाग की योजना के लिए एक-एक आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में श्रीमती राधाबाई पोर्ते सरपंच ग्राम पंचायत धुम्माटोला, जवाहर कोर्राम सरपंच ग्राम पंचायत बरौर, बजरंग वाकरे सरपंच पीपरखुंटी एवं उप सरपंच प्रदीप दुबे, श्रीमती पुष्पाबाई मार्को सरपंच ग्राम पंचायत बढावनडांड एवं उप सरपंच ओंकार सिंह के साथ ही संबंधित पंचायतों के गणमान्य नागरिक किशन ठाकुर, राकेश दीक्षित, दिलीप यादव, देवप्रताप राजपूत, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, शिवप्रसाद यादव, दुर्योधन सिंह, नान सिंह राठौर, होरी लाल सिंह, नर्मदा गुर्जर सहित वार्ड पंच एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## छात्रावास अधीक्षक भी स्कूलों में पढ़ाएंगे

**पेंड्रा।** गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले मे पदस्थ शिक्षक जो छात्रावासों में अधीक्षक और अधीक्षक के पद पर पदस्थ है, और किसी भी विद्यालय में शिक्षकीय कार्य नहीं कर रहे हैं, ऐसे सभी शिक्षकों को स्कूल जाकर अध्यापन कार्य भी करना होगा। इस आशय का आदेश पत्र जिला शिक्षा अधिकारी गौरेला पेंड्रा मरवाही ने जारी कर दिया है।

■ जिला शिक्षा अधिकारी जीपीएम ने किया आदेश जारी, स्कूल नहीं जाने पर होंगी कार्रवाई

ज्ञात हो कि जिले में पदस्थ कुछ शिक्षक केवल अधीक्षक का कार्य करके स्कूल मे बिना अध्यापन कार्य किये वेतन ले रहे हैं, लेकिन अब जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के मुताबिक इन सभी शिक्षकों को अपने मूल विद्यालय में जाकर अध्यापन कार्य भी करना होगा। जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के मुताबिक मूल पदस्थापना शाला से अन्यत्र कार्यालय/शालाओं में अध्यापन व्यवस्था हेतु निर्देशित आदेश /संलग्नीकरण को समाप्त किया गया है। ऐसे शिक्षक जो अधीक्षकीय कार्य के साथ मूल शाला में उपस्थिति दे रहे हैं, उन्हें यथावत रखा जायें, साथ ही ऐसे शिक्षक जिनके मूल शाला में विद्यार्थी, शिक्षक अनुपात नियमानुसार है, अध्यापन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

## कोटपा एक्ट के तहत मुंगेली के 5 दुकानों में चालान



**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कोटपा एक्ट का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुंगेली क्षेत्र के 5 दुकानों मे कोटपा एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. देवेन्द्र पैकरा के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम द्वारा मुंगेली क्षेत्र में कोटपा एक्ट के धारा 4 एवं धारा 6 के तहत 5 दुकानों मे चालानी कार्रवाई तथा 5 दुकानों को चेतावनी देकर छोडा गया। इस दौरान औषधि निरीक्षक रत्नेश कुमार बरगाह, तंबाकू कार्यक्रम प्रशिक्षक ओम साहू एवं थाना कोतवाली के आरक्षक दुर्गेश कुमार यादव मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थान में धुम्रपान पर प्रतिबंध, धारा 5 के तहत सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के ज्ञापन पर प्रतिबंध, धारा 6 नाबालिकों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध जुर्माना लगाया जा सकता है।

## यीशु मसीह के जन्मदिन पर निकली शोभायात्रा



**मुंगेली।** प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस के अवसर पर मसीह समाज के द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। दाऊपारा स्थित चर्च से प्रारंभ शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु शामिल रहे। 25 दिसंबर के शुभ अवसर पर क्रिसमस के दिन प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिवस मनाया जाएगा, जिसके लिए चर्च में तैयारियां की जा रही है। गुरुवार को मसीह समाज के लोगों ने भव्य शोभा यात्रा निकाली, जिसमें बाईबल में लिखे पवित्र संदेशों को, भजन गाते हुए सड़कों पर निकले। समाज के लोगों द्वारा आयोजित इस शोभा यात्रा मे आकर्षक झांकियों के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह के जीवन चरित्र को दर्शाया गया था। इस शोभायात्रा में शांता क्लाज लोगों को उपहार भेंट करते रहे। मसीह समाज द्वारा निकाले गए इस शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में समस्त मसीही समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।।

## पीएम जनमन योजना में 8 हजार से अधिक लाभान्वित



**मुंगेली।** जिला कलेक्ट्रेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में गुरुवार को कलेक्टर राहुल देव ने पीएम जनमन योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने पीएम जनमन योजना अंतर्गत जिले में विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर श्री देव ने जिले के चिन्हांकित सभी पीवीटीजी समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्ययोजना बनाकर सर्वे कराने तथा शिविर के माध्यम से कैंप लगाकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडे ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पीवीटीजी बसाहटो के सर्वे के पश्चात प्राप्त आंकड़े के आधार पर चिन्हांकित लोगों को लाभान्वित करने पूरी तत्परता से कार्य करने संबंधित अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जनमन योजना के अंतर्गत प्रगति की एंट्री आनलाईन पोर्टल में भी की जाएगी और इसी के आधार पर समीक्षा की जाएगी। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त अजय शतरंज ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से जिले के 41 बसाहटों में रहने वाले 8 हजार से अधिक लोगों को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाएगा। गौरतलब है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है।

### पोस्टमार्टम में हुई देरी

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

मंगलवार की रात मुंगेली जिले के सरगांव धूमा मोड़ के पास अज्ञात वाहन चालक ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में युवकों के मौके पर ही मौत हो गई। युवकों की पहचान के बाद पुलिस ने परिजन को सूचना देकर पीएम कराने के बाद मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

सरगांव क्षेत्र के ग्राम किरना में रहने वाले युगल कुमार साहू ने सड़क हादसे की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। युगल कुमार साहू ने बताया कि मंगलवार को उनके गांव में पंथी नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था, जिसे देखने के लिए उनके भतीजे कमलेश साहू का दोस्त युवराज चतुर्वेदी निवासी ग्राम उसलापुर जिला बेमेतरा भी आया था। रात को कमलेश के साथ युवराज और गांव का तरुण साहू कार्यक्रम देखने के लिए आए थे। कार्यक्रम के बीच में ही तीनों युवक बाइक पर बैठकर सरगांव चले आए रात करीब 12 बजे तीनों बाइक से गांव लौट रहे थे। वे धूम मोड़ के पास पहुंचे ही थे, किसी दौरान अज्ञात वाहन चालक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे तीनों सड़क पर गिर गए। हादसे में तीनों के सिर पर गंभीर चोट आई, जिसके कारण युवकों का घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौजूद लोगों द्वारा जानकारी सरगांव पुलिस को दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर सरगांव स्थित चीर घर में भेज दिया बाइक नंबर के आधार पर पुलिस ने कमलेश के स्वजन को जानकारी दी।

**पीएम के लिए परेशान परिजन**

घटनास्थल से ही मात्र 500 मीटर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा पोस्टमार्टम करने वाला भवन है। इसके बावजूद परिजनों को पोस्टमार्टम कराने के लिए तकरीबन 12 बजे तक का इंतजार करना पड़ गया। इसकी जानकारी के लिए जब सरगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. शबाना को फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो उनके द्वारा फोन उठाना भी उचित नहीं समझा गया। इसके कारण परिजन में भारी रोश देखा गया।

**अधिकारी देते हैं उटपटांग जवाब**

जानकारी लेने के लिए पथरिया बीएमओ बंजारे को जब फोन लगाया गया, तो देरी का कारण स्वीपर के नहीं आने की बात कहते कई बार बोलने के बावजूद जिला प्रशासन से स्वीपर की भर्ती के मांग के लिए उन्होंने उटपटांग जवाब दिया।

**विधायक धरमलाल ने जताया दुख**

क्षेत्र में हुए दुखद हादसे की सूचना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इस पर क्षेत्र के विधायक ने भी शोक व्यक्त करते हुए परिवार को संवेदना व्यक्त की है।

# मवेशी बाजार में पंजीयन शुल्क के नाम पर घोटाला, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली




**खास बात**
- नगर पालिका के खिलाफ अपराध दर्ज

नगर पालिका में अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य लोगों द्वारा संगठित रूप से मिलकर मवेशी बाजार में खरीदी-बिक्री पंजीयन शुल्क के नाम पर किये गये लाखों रूपए के गड़बड़ घोटाले की सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले में धारा 420, 408 एवं 34 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में जुटी है।

आरटीआई कार्यकर्ता अनिल तम्बोली ने बताया कि मुंगेली नगर पालिका में बकरी और मवेशी बाजार से नगर पालिका 20 से 25 लाख रुपये सालाना आय अर्जित करता था। 2017 के बाद नगर पालिका इन दोनों बाजारों को ठेकेदारों को नीलाम न कर अपने कर्मचारी भेजकर पशु एवं बकरी खरीदी बिक्री पंजीयन शुल्क वसूलने लगा। इन दोनों बाजारों से जहां नगर पालिका को सालाना 20 से 25 लाख रूपए का लाभ हो रहा था, वो घटकर महज 4 लाख रुपया सालाना रह गया।

अनिल तम्बोली ने नगर पालिका से आरटीआई के तहत जानकारी लिया, जिसमें दर्शाया गया है कि 5 से 8 हजार रुपए सप्ताह में पशु पंजीयन शुल्क कर्मचारियों द्वारा नगर पालिका कोष में जमा किया जाता है। जबकि प्रत्येक सप्ताह लाखों रुपये वसूली किया जाता है। अनिल तम्बोली ने मामले को उजागर करने के लिए स्वयं बाजार पहुंचकर पशु एवं बकरी खरीदी बिक्री पंजीयन पर्ची की पावती व्यापारियों से कलेक्शन करने लगा। नगर पालिका मुंगेली में इन दोनों बाजार का नीलामी नही कर नगर पालिका कर्मचारियों से पशु पंजीयन शुल्क वसूली कराया जा रहा है। इस दौरान दर्जनों अधिकारी बदले दर्जनों कर्मचारी बदले नही बदली तो भ्रष्टाचार की आदत। इन अधिकारी और कर्मचारियों ने तो कई सप्ताह पशु पंजीयन शुल्क की राशि को पूरा गबन कर दिया है, जबकि व्यापारियों से प्राप्त पावती जो नगर पालिका के वसूली कर्मचारियों द्वारा दिया गया है उसमें मामले कुछ और बयां कर रहे हैं। नगर पालिका की रसीद में पर्ण-प्रतिपर्ण में अंतर है। व्यापारियों को दी जाने वाली रसीद एवं कार्यालय में जमा की जाने वाली रसीद की राशि में अंतर का उल्लेख किया गया है। इस पूरे मामले में चार माह पूर्व एसडीएम, कलेक्टर तथा नगरीय प्रशासन विभाग के सेक्रेटरी से शिकायत की गई थी, जिस पर 20 दिसम्बर को सिटी कोतवाली थाने में धारा 420, 408 एवं 34 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में की जा रही है।

# अगहन के अंतिम गुरुवार पर महिलाओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



अगहन के अंतिम गुरूवार को माता लक्ष्मी की पूजन के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह बना रहा। गुरुवार को भोर होने से पहले व्रती महिलाओं द्वारा नहा-धोकर माता लक्ष्मी को गेंदा का फूल, आंवला के फल व पत्ती के साथ श्रृंगार सामग्री अर्पित की गई। अगहन बृहस्पति कथा का पाठन व्रती महिलाओं ने किया। अगहन बृहस्पति की समाप्ति हो गई। इस बार चार गुरूवार को व्रत रखकर महिलाएं माता लक्ष्मी की पूजा की। अगहन के अंतिम गुरूवार के चलते पूजन के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह बना रहा। महिलाओं ने व्रत रखकर पूरे विधि विधान के साथ माता लक्ष्मी की पूजा की। इसकी तैयारी बुधवार से ही शुरू कर दी गई थी। बुधवार की रात को ही जुठे बर्तन सहित घर व आंगन की सफाई पूरी कर ली गई थी। भोर होने से पहले व्रती महिलाओं ने नहा-धोकर पीले वस्त्र धारण कर घर के प्रवेश द्वार पर दीपक जलाकर माता लक्ष्मी का स्मरण करते हुए आव्हान किया। इसके बाद घर के पूजन कक्ष में माता लक्ष्मी की प्रतिमा अथवा उनके प्रतीक के रूप में धान की बाली को विराजित कर पूजा अर्चना की गई। माता लक्ष्मी को गेंदा का फूल, आंवला के फल व पत्ती के साथ श्रृंगार सामग्री अर्पित की गई। केला, सेवफल, जाम, सिंघाड़ा सहित पारम्परिक मीठे पकवान का भोग लगाया गया। इसके साथ ही आरती के उपरांत अगहन बृहस्पति कथा का पाठन व्रती महिलाओं ने किया। अगहन बृहस्पति व्रत में रंगोली की तर्ज पर आंगन में अल्पना सजाने की परंपरा है। पीसे हुए चावल के घोल से आंगन अल्पना सजाया जाता है। इसके अलावा प्रवेश द्वार से पूजन कक्ष तक चांवल के घोल से माता लक्ष्मी के पद चिन्ह बनाए जाते है।

## आरटीई के तहत निजी स्कूलों में मिलेगा प्रवेश

**मुंगेली।** शिक्षा के अधिकार आरटीई के तहत सत्र 2024-25 के लिए जिले के निजी स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से 1 मार्च से 15 अप्रैल तक ऑनलाईन आवेदन मंगाए गए हैं। ऑनलाईन आवेदन वेबसाईट पर किया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम अंतर्गत वर्ष 2024-25 हेतु निजी विद्यालयों में आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर भर्ती की कार्रवाई की जाएगी। 1 से 28 फरवरी तक स्कूल प्रोफाईल अपडेट के साथ ही प्रवेश के लिए निर्धारित सीट की जानकारी पोर्टल पर दी जाएगी। प्राप्त आवेदनों में दस्तावेजों का परीक्षण कर पात्र-अपात्र सूची का निर्धारण 18 अप्रैल से 17 मई तक किया जाएगा तथा लॉटरी आबंटन की कार्रवाई 20 से 30 मई तक की जाएगी। स्कूलों में भर्ती की प्रक्रिया 01 से 30 जून तथा नवीन विद्यालय पंजीयन 15 से 30 जून तक किया जाएगा।

# कोरोना से बचाव की व्यवस्था नहीं

**मुंगेली।** कोरोना का खौफ फिर छाने लगा है। चार वर्ष पूर्व प्रारंभ हुए कोरोना को लोग अभी भूल भी नही पाए थे कि फिर से फैल रहे कोरोना को लेकर देश में संशय की स्थिति बन रही है। इसके चलते नए वर्ष का जश्न फीकी न रह जाए। बाजार, बैंक एवं अस्पताल की लापरवाह भीड़ संभलने को तैयार नहीं है। शहर में कोविड-19 से बचाव की सारी व्यवस्थाएं ठप्प पड़ी हुई है। एक बार फिर कोरोना की आहट है। ऐसा लगता है कि 4 साल पहले का समय एक बार फिर से आ गया है, क्योंकि कोरोना वायरस को लेकर समय और लोकेशन फिर से वही है। दुनिया 2024 के आगाज के जश्न की तैयारियों में जुटी है। केरल में भी नए वैरिएंट से संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है और बढ़ते खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने भी एडवाइजरी जारी कर दी है। प्रदेश एवं पड़ोसी जिले बिलासपुर में पुनः कोरोना के मरीज मिलने प्रारंभ हो गए है। स्थानीय स्तर पर जांच कम हो रहे है। लोग मास्क और सेनेटाइजर को भूल चुके है। बाजारों, बैंक एवं अस्पतालों में लापरवाह भीड़ भी संभलने को तैयार नहीं है। शहर में कोविड-19 से बचाव की सारी व्यवस्थाएं ठप्प हैं। कोरोना संकट से पहले ही जिला अस्पताल में अन्य रोगों से पीड़ित मरीजों की कतार लंबी हो रही है। कोरोना वेरिएंट के बचाव के लिए जहां शासन-प्रशासन पहल कर रही है। वही आमजन को भी कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए मास्क एवं सेनेटाइजर सहित अन्य नियमों का पालन करना चाहिए, जिससे कोरोना के संक्रमण को बढ़ने से रोका जा सके। इस संदर्भ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने बताया कि देश के कुछ हिस्सों में पुनः कोरोना से प्रभावित मरीजों के मिलने के पश्चात शासन की गाइडलाइन के अनुसार अस्पतालों में आवश्यक तैयारियां की जा रही है। बंद पड़े मशीनों को चालू किया जा रहा है। अस्पताल में आने वाले सर्दी, खांसी से पीड़ति मरीजों की कोरोना जांच कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में कोविड बीमारी नियंत्रण में है अनावश्यक घबराने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु सावधानी बरतना आवश्यक है। पूर्व में जारी कोविड संबंधी दिशा निर्देशों तथा कोविड अनुरूप व्यवहार जैसे मास्क लगाना, साबुन से हाथ धोना, सेनेटाईजर का उपयोग करना, सोशल डिस्टेसिंग अपनाना, संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखना इत्यादि नियमों का पालन करें। सर्दी, खांसी, बुखार या खांस में तकलीफ होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल में उपस्थित होकर जांच एवं उपचार कराने हेतु आग्रह किया है।




# चित्रों के महत्व पर सेमिनार का समापन

**मुंगेली।** इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में राज्य स्तरीय बाल साहित्य में चित्रों का महत्व विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ, जो समग्र शिक्षा, एससीईआरटी रूम टू रीड यूएसएड के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। इस आयोजन में बाल साहित्यकार, रचनाकार और अनुवादक छत्तीसगढ़ के विभिन्न राज्यों से शामिल हुए। शिक्षकों द्वारा लिखित और अनुवादित पुस्तकों और स्टोरी कार्ड की प्रदर्शनी लगाई गई। इस संबंध मे विस्तार से चर्चा हुई।

जिले से लेखिका शिक्षिका साहित्यकार शिक्षादूत सुधारानी शर्मा ने अपनी कहानी सुनहरी की जानकारी दी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति ममता चंद्राकर, प्रोफेसर डॉ. राजन यादव, प्रोफेसर कपिल वर्मा, समग्र शिक्षा से डॉक्टर एम सुधीश, ताराचंद जायसवाल, एससीईआरटी से डाकेश्वर वर्मा, यूएसएआईडी से शिखा जैन, रूम टू रीड से शक्तिव्रता सेन, प्रोईती राय, बलाका डे, सुविधा मिस्त्री, प्रदीप, रणधीर, गौतम, मुकेश, सामंत उपस्थित थे। कार्यक्रम मे कहानी मे सुंदर चित्रांकन करने वाले बच्चो को भी सम्मानित किया गया। मुंगेली जिले से सुधारानी शर्मा को विजय कुमार शर्मा संस्थापक चन्द्र-माधव सेंट्रल लाइब्रेरी, शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा धिकारी जीएल चतुर्वेदी, जिला परियोजना अधिकारी डीके कौशिक, सहायक परियोजना अधिकारी संजय साहू, विकासखंड शिक्षाधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सूर्यकांत उपाध्याय, देवचरण डाहिरे, अशोक कुमार यादव के साथ ही समस्त साहित्यकार एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं प्रेषित किया।



# कोना, हरदीबांध, सरईपतेरा में संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज जिले के मुंगेली विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोना व हरदीबांध और लोरमी विकासखंड के ग्राम सरईपतेरा व झझपुरीखुर्द में संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद स्थापित करते हुए ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभ उठाने प्रेरित किया गया।

संकल्प यात्रा के प्रचार-प्रसार वाहन का गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों और स्वागत समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। शिविर में पीएम आवास, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाईयां भी उपलब्ध कराई गई।

हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड एवं जीवन ज्योति बीमा आवेदन भराया गया। इस दौरान ग्राम हरदीबांध की श्रीमति विमला साहू ने शासन की योजनाओं से मिले लाभ और अपने जीवन में आए बदलाव को साझा किया। उन्होंने बताया कि उज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन मिलने से उन्हें चूल्हे के धुंए से राहत मिली है। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय बना है, जिससे खुले में शौच से मुक्ति मिली है। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को खुले मन से धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर स्थल पर सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि पार्षदगण तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गुम 20 बालिकाओं को पुलिस ने किया बरामद

**बिलासपुर।** एक माह में मस्तूरी पुलिस ने अलग अलग राज्यों में पतासाजी कर गुम हुई 20 बालिकाओं को खोजकर परिजनों को सौंप दिया है। एसपी संतोष कुमार सिंह ने थानेदारों को अभियान चलाकर लापता हुए बालक, बालिकाओं को खोजने का आदेश दिया गया था। मस्तूरी टीआई रविन्द्र अनंत के निर्देश पर साइबर सेल से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित करने के बाद पुलिस टीम ने एक माह के भीतर चंडीगढ़, पुणे, तेलंगाना, जांजगीर व मस्तूरी क्षेत्र में दबिश देकर 20 बालिकाओं को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। दो मामले में नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाकर शारारिक संबंध बनाने पर दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं अन्य गुम बालक, बालिकाओं की तलाश में पुलिस की टीम लगी हुई है।

# राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 2 तक

**मुंगेली।** जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने किसी घटना में अपनी अदम्य साहस एवं बुद्धिमत्ता का कार्य किया हो, उन्हें राज्य वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए जिले के पात्र अभ्यर्थियों से 2 जनवरी तक आवेदन मंगाए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इसके अंतर्गत जिले के 5 बालक-बालिकाओं को कुल 25 हजार रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। पुरस्कृत बालक-बालिकाओं को छात्रवृत्ति नियम के अंतर्गत छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। पूर्व के वर्षों में राष्ट्रीय शौर्य पुरस्कार एवं राज्य वीरता पुरस्कार से सम्मानित बच्चों को भी छात्रवृत्ति दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कक्ष क्रमांक 256 में जमा कर सकते हैं तथा संबंधित कार्यालय से आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।







